


दैनिक **सांध्य प्रकाश**
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 222/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 27 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



आज ही के दिन हुआ था सबसे बड़ा प्लेन हादसा: एक मिस कम्युनिकेशन और 586 की मौत

सांध्यप्रकाश विशेष

# संकल्प शक्ति का नव सृजन करेगा भाजपा का नया प्रादेशिक कार्यालय

**शिवराज सिंह चौहान**

हमारे आराध्य और राष्ट्रमनीषी पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि प्रत्येक समाज, संगठन और व्यक्ति को समयानुकूल अपना उन्नयन करना चाहिए, तभी वह अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में पूर्णत~ सफल हो सकते हैं। स्वाभाविक है कि किसी भी ध्येय-केंद्रित व्यवस्था को चलाने के लिए नवाचारों से सुसज्जित एक कार्यालय का होना प्राथमिक आवश्यकता है। कार्यालय वह स्थान होता है, जहां क्रमश~जो लोग आते हैं, उनमें से कुछ लोगों का कार्यकर्ता के रूप में निर्माण प्रारंभ किया जाता है। उन्हीं कार्यकर्ताओं में से कार्यकारिणी का चयन होता है। उसी कार्यकारिणी को संगठन के कार्यक्रम सौंपे जाते हैं। इन कार्यक्रमों के संपादन में कोष का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। इन सबका जो समुच्चय केंद्र है, उसे हम कार्यालय कहते हैं।



कोई भी संगठन पांच 'क% अर्थात् कार्यकर्ता, कार्यकारिणी, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय से चलता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी का प्रश्न है, तो यहां सतत प्रशिक्षण के द्वारा कार्यकर्ता की योग्यता का विकास करना, उसकी उपयोगिता स्थापित करना, इस उपयोगिता के आधार पर समाज में उनकी स्वीकार्यता प्रभावपूर्ण तरीके से स्थापित होना, एक परिणाममूलक कार्यपद्धति की निशानी है। जिस कार्यकर्ता के भीतर यह पांच बातें स्थापित हो जाती हैं, उसे संगठन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, तो उसमें हमारे पूर्वजों के पसीने का योगदान तो अविस्मणीय है ही, हमारे सुव्यवस्थित और आधुनिक कार्यालयों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पार्टी के तमाम निष्ठावान व तपस्वी कार्यकर्ताओं ने कार्यालयों की शुचितापूर्ण व्यवस्थाओं के संचालन में अपने जीवन होम किए हैं। भाजपा कार्यकर्ता के लिए कार्यालय ही उसका साधना केंद्र भी है। हमारे कार्यकर्ता को उसके संस्कारों के कारण दुनिया में अगर अलग से पहचाना जाता है, तो उसके हृदय में समाए उन भावों के कारण पहचाना जाता है जो उसके भीतर कार्यालयीन स्पंदन से पैदा होते हैं। यह स्पंदन तब और अधिक प्रभावी हो जाते हैं, जब संगठन के मुखिया का आत्मीय सान्निध्य साकार रूप में प्रकट होता है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा जी का नवीन कार्यालय के शिलान्यास हेतु पधारना हम सबके भीतर भविष्य के सपनों को लेकर अप्रतिम और अद्भुत ऊर्जा का संचार कर रहा है। स्वाभाविक है भाजपा एक परिवार है, किसी परिवार की पार्टी नहीं।

हमारा कार्यकर्ता जब कार्यालय में होता है, तो वहां से अपने भाजपा परिवार की समृद्धि और विकास की परिकल्पना लेकर जाता है। जिस प्रकार से एक घर में रहने वाले बच्चे माता-पिता से संस्कारों का हस्तांतरण कर लेते हैं, ठीक उसी प्रकार भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता अपने प्रेरणा-पुंजों से राष्ट्रीय और सामाजिक दायित्वों का हस्तांतरण कर लेते हैं। मैं अपने विद्यार्थी जीवन से आज तक पार्टी कार्यालय और पार्टी के प्रेरक व्यक्तित्वों को नजदीक से देख रहा हूं। संगठन ने सदैव समयानुकूल व्यवस्था में परिवर्तन किए हैं। भोपाल में छोटे से प्रदेश कार्यालय से चलकर दीनदयाल परिसर के भव्य और दिव्य कार्यालय के निर्माण की तत्कालीन आवश्यकताओं का साक्षी रहा हूं। लेकिन आज जब हमारा नेतृत्व यह आह्वान करता है कि भाजपा को कई दशकों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भारत का भाग्य बदलने के लिए शासन करना है, तब हमारे लिए यह केवल कहने का विषय नहीं हो जाता, बल्कि उस मार्ग पर तीव्र गति से आगे बढ़ने का सामर्थ्य पैदा करता है। भाजपा (मध्य प्रदेश) का संगठन देश में सर्वश्रेष्ठ संगठन माना जाता है।

कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खंडेलवाल, राजमाता सिंधिया, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी जैसी हुतात्माओं ने अपने अमूल्य समय व प्रयासों की आहुति से मध्य प्रदेश भाजपा संगठन को सर्वश्रेष्ठ बनाने में दी है। इन्हीं मनीषियों की प्रेरणा से पूर्व में उस समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यालय का निर्माण किया गया और उन्हीं के बताए गए मार्ग पर अनवरत चलने की दृष्टि से नवीन कार्यालय के निर्माण का संकल्प हम सभी कार्यकर्ताओं ने लिया है। एक तरफ आज संख्या की दृष्टि से भाजपा सबसे अधिक कार्यकर्ताओं की संख्या वाली पार्टी है, वहीं दूसरी तरफ वर्तमान कालखंड की जिम्मेदारियां और एक समृद्ध, सशक्त, समरस, स्वावलंबी भारत के निर्माण की चुनौतियों की अनुभूति भी हमें हैं।

इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वाभाविक है कि हमें ऐसे कार्यालय की आवश्यकता महसूस हुई, जो हमारे वैचारिक आंदोलन को वर्षों तक ऊर्जा देने का काम करे। पार्टी का नवीन प्रादेशिक कार्यालय आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक तो होगा ही, वैचारिक रूप से प्रेरक भी होगा। नवीन कार्यालय में हम भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कार्यकर्ताओं के निर्माण का अभियान और भी अधिक नवाचारों के साथ चला सकेंगे। मैं मध्य प्रदेश के लाखों-लाख कार्यकर्ताओं को उनके नए आराध्य-केंद्र के निर्माण की शुभकामनाएं देता हूं।

**(लेखक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए अनुपम सौगात: चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशंकर भौतिकता में दग्ध मानवता को न केवल भारत अपितु वैश्विक स्तर पर

- **मुख्यमंत्री परम पूज्य गुरू देव श्रीश्री रविशंकरके इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित हुए**

मार्गदर्शन और सम्बल उपलब्ध करा रहे हैं। वे सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तम्भ के समान हैं। पूज्य गुरूदेव द्वारा वैज्ञानिक आधार पर विकसित योग की सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए बड़ी सौगात है। इससे हम शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सबल बन सकते हैं।





मुख्यमंत्री श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में इंदौर में आयोजित योग मित्र तथा महारूद्रपूजा कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम द्वारा स्वच्छ इंदौर- स्वस्थ्य इंदौर के लिए आरंभ योग मित्र अभियान अनुपम पहल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशंकर द्वारा इंदौर के इस आयोजन को सानिध्य प्रदान करने के लिए उनका आभार माना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान के संबोधन के बाद बाल योग मित्रों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच योग पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर देश का स्वच्छतम नगर होने के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति का भी केंद्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं इंदौर के स्वाद की सराहना की है। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौर, महापौर इंदौर श्री पुष्पमित्र भार्गव तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विपक्ष का ब्लैक प्रोटेस्ट, संसद स्थगित

**स्पीकर के सामने काला कपड़ा लहराया, सोनिया ने भी काले कपड़े पहने, प्रदर्शन में टीएमसी समेत 17 पार्टियां**




**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की सांसदी जाने और अडाणी मामले पर सोमवार को विपक्ष ने ब्लैक प्रोटेस्ट किया। इसमें 17 विपक्षी दल शामिल हुए। सोनिया गांधी भी काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचीं। उधर, लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने भारी हंगामा किया। एक सांसद तो लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के आसन तक पहुंच गया और काला कपड़ा लहराने लगा। यह देख स्पीकर सभा को स्थगित कर चले गए।

सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे राज्यसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही को 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया- लोकतंत्र के लिए काला अध्याय ! पहली बार सत्ता पक्ष संसद को ठप्प कर रहा है। क्यों? क्योंकि मोदी जी के परम मित्र के काले कारनामे उजागर हो रह हैं ! एकजुट विपक्ष जेपीसी की मांग पर कायम रहेगा। खड़गे ने कहा, हम काले कपड़ों में क्यों आए हैं? हम दिखाना चाहते हैं कि पीएम मोदी इस देश में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। पहले उन्होंने स्वायत्त संस्थाओं को खत्म किया, इसके बाद जहां-जहां जिसने चुनाव जीता, उसे डरा-धमकाकर पीएम ने अपनी सरकार बनवाई। जो लोग उनके आगे नहीं झुके, उन्हें झुकाने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया।

### कांग्रेस की ऑल-पार्टी मीटिंग में शामिल हुई टीएमसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज संसद की कार्यवाही शुरू होने के पहले अपने चैम्बर में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक रखी। इसमें कांग्रेस, डीएमके, सपा, जेडीयू, बीआरएस, सीपीएम, आरजेडी, एनसीपी, सीपीआई, आप और टीएमसी समेत 17 पार्टियां शामिल हुईं। इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस का आना चौंकाने वाला रहा। इसे लेकर खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो भी आगे आएगा हम उसका स्वागत करेंगे।

### पीएम की केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक

संसद के गतिरोध और रणनीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत अन्य नेता शामिल हुए।

### केंद्रीय मंत्री बोले- खुद को संविधान से ऊपर मानता है गांधी परिवार

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि न्यायिक और कानूनी कार्रवाई पर कांग्रेस नेता रोना-धोना कर रहे हैं, जो दिखाता है कि गांधी परिवार खुद को देश की न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान से खुद को ऊपर मानता है। शेखावत ने कहा कि सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को कई मौके दिए थे, जिसमें उन्हें उनकी टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था लेकिन राहुल गांधी ने माफी मांगने से मना कर दिया। उनका मानना था कि न्यायपालिका उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ फैसला देने की हिम्मत नहीं करेगी। कानून ने अपना काम किया और भाजपा या सरकार का इसमें कोई हाथ नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे ओबीसी समुदाय का अपमान किया और माफी भी नहीं मांगी। ये लोग कोर्ट का आदेश नहीं मानते। राहुल कभी सावरकर नहीं बन सकते क्योंकि सावरकर कभी 6 महीने के लिए फॉरेन टूर पर नहीं गए।

# 1 अप्रैल से पान मसाला पर 51 और सिगरेट पर 100 प्रतिशत जीएसटी सेस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस अधिकतम दर से लागू करने का फैसला किया गया है। यह अधिकतम सेस इन उत्पादों की खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर वसूला जाएगा। जीएसटी कंपनसेशन सेस की यह अधिकतम सीमा शुक्रवार को लोकसभा में पारित वित्त विधेयक 2023 में संशोधन के जरिये तय की गई है।

क्या और महंगा होगा लोन?

क्या लोन एक बार फिर महंगा होने जा रहा है? अगले महीने के पहले हफ्ते में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक से पहले यह आशंका जताई जा रही है। कहा जा रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की वृद्धि कर सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति लाने से पहले विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारकों को ध्यान में रखने के लिए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 3, 5 और 6 अप्रैल को होने जा रही है। 6 अप्रैल को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फैसले की जानकारी दी जाएगी। फरवरी में हुई अपनी अंतिम नीति बैठक में आरबीआई ने नीतिगत दर या रेपो को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया था।

## क्या और महंगा होगा लोन

**नई दिल्ली।** क्या लोन एक बार फिर महंगा होने जा रहा है? अगले महीने के पहले हफ्ते में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक से पहले यह आशंका जताई जा रही है। कहा जा रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की वृद्धि कर सकता है।




वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति लाने से पहले विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारकों को ध्यान में रखने के लिए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 3, 5 और 6 अप्रैल को होने जा रही है। 6 अप्रैल को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फैसले की जानकारी दी जाएगी। फरवरी में हुई अपनी अंतिम नीति बैठक में आरबीआई ने नीतिगत दर या रेपो को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया था।

# बीसीसीआई की अपील के बाद ICC ने बदली इंदौर पिच की रेटिंग, डिमेरिट पॉइंट भी तीन से घटाकर एक किया

**इंदौर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने %खराब% पिचों की श्रेणी में डाल दिया था। इसके बाद बीसीसीआई ने 14 मार्च को इस फैसले के खिलाफ अपील की थी। अब आईसीसी ने बीसीसीआई की अपील पर पिच की रेटिंग बदल दी है और नया फैसला सुनाया है। आईसीसी ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच की रेटिंग %खराब% से बदलकर %औसत से नीचे% कर दिया है।



**भारत को हार का सामना करना पड़ा था-** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का तीसरा टेस्ट इंदौर में तीन दिन के अंदर खत्म हो गया था। आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत इंदौर के पिच को खराब बताया गया था। दोनों टीमों के स्पिनरों को पहले दिन की शुरुआत से ही स्पिन के अनुकूल सतह से काफी मदद मिली थी। पहले दिन 14 में से 13 विकेट स्पिनर्स ने लिए थे।

# हम राहुल गांधी की सेना, सावरकर की नहीं, जो गिरफ्तारी से डर जाए: भूरिया



**भोपाल।** मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पुलिस पर दबाव बनाकर उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर असंवैधानिक और गलत तरीके से कार्यवाही की जा रही है। देश और प्रदेश में जिस तरह भाजपा द्वारा अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है, उससे प्रदेश का लोकतंत्र खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी की सेना हैं, सावरकर की नहीं, जो भाजपा के दबाव में पुलिस की असंवैधानिक कार्यप्रणाली से डर जायें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पुलिस द्वारा भाजपा के दबाव में मुझे झाबुआ से गिरफ्तार कर भोपाल 350 किलोमीटर लाया गया, तानाशाही और बदले की भावना के सिवाय कुछ नहीं है। जिस प्रकार भोपाल की पुलिस भेजकर मुझे गिरफ्तार किया, भाजपा सरकार का यह रवैया असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना है।

# तिब्बत का तीसरा धर्मगुरु होगा 8 साल का मंगोलियाई बच्चा

**नई दिल्ली।** 87 साल के तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने चीन को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने तिब्बती बौद्ध धर्म का तीसरा सबसे बड़ा धर्मगुरु अमेरिका में पैदा हुए 8 साल के मंगोलियाई बच्चे को बना दिया है। ये जुड़वा बच्चों में से एक है। दलाई लामा ने इस बच्चे को 10वें खलखा जेटसन धम्पा



रिनपोछे का पुनर्जन्म बताया। नए धर्मगुरु के मिलने का समारोह 8 मार्च को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में हुआ था लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। समारोह में इसमें 600 मंगोलियाई मौजूद रहे। दलाई लामा ने कहा- हमारे पूर्वजों के चक्रसंवर के कृष्णाचार्य वंश से गहरे रिश्ते थे। इनमें से एक ने मंगोलिया में एक मठ की भी स्थापना की थी। ऐसे में तीसरे धर्मगुरु का मंगोलिया में मिलना काफी शुभ है।

# कोरोना के सक्रिय मामले दस हजार के पार, संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत से ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के आंकड़े चौंकाने वाले आ रहे हैं। 134 दिन बाद रविवार को देश में कोरोना के एक्टिव केस दस हजार से अधिक हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, रविवार को देश में 1805 लोग संक्रमित पाए गए हैं। अब मरीजों के बढ़ते ही संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत हो गई है। मतलब डेली पॉजिटिविटी रेट 3.19 फीसदी हो गया है। इसी तरह वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.39 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में



अब कुल 10 हजार 300 मरीज ऐसे हैं जिनका इलाज चल रहा है। रविवार को 9,433 एक्टिव केस थे।

पिछले 24 घंटे के अंदर देश में छह लोगों ने संक्रमण के चलते दम तोड़ दिया। इसी के साथ संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 5,30,837 हो गया है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 24 घंटे की अवधि में एक-एक की मौत हुई। केरल में दो मौतें दर्ज की गईं। देश में अब तक 4 करोड़ 47 लाख 05 हजार 952 लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इनमें अभी 0.02 प्रतिशत सक्रिय मामले हैं हैं, जबकि 98.79 प्रतिशत लोग ठीक हो चुके हैं। 1.19 प्रतिशत लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड टीके की 220.65 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

### हफ्तेभर में 78 प्रतिशत मामले बढ़ गए

पिछले सात दिनों के अंदर संक्रमण के मामलों में 78 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले हफ्ते यानी 19 से 25 मार्च के बीच 8781 नए कोरोना मरीजों की पहचान हुई। इसके पहले 12 से 18 मार्च के बीच देश में 4929 संक्रमित पाए गए थे।

# मप्र में गाय से टकराकर पलटते-पलटते बची माफिया अतीक की वैन

**मूंछों पर ताव देकर बोला- मुझे कोई डर नहीं**

**शिवपुरी।** उत्तर प्रदेश के माफिया डान अतीक अहमद का काफिला सोमवार सुबह मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा से गुजरा। यहां सुबह करीब 6~30 बजे अतीक अहमद को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वैन से वॉशरूम के लिए नीचे उतारा गया। इस दौरान अतीक ने मूंछ पर ताव दिया और पहले कुछ भी कहने से मना दिया। लेकिन जब उससे दोबारा पूछा गया कि जिस तरह की खबरें चल रही है क्या आपको डर लग रहा है तो उसने जवाब देते हुए कहा कि मुझे कोई डर नहीं लग रहा है। इसके बाद हाथ हिलाते हुए वह वैन की तरफ बढ़ गया।

शिवपुरी जिले से होकर गुजरे गैंगस्टर अतीक अहमद का काफिला जैसे ही खराई चेकपोस्ट से होकर गुजरा वहां, अचानक अतीक अहमद की वैन के सामने एक गाय आ गई और वैन से टकरा गई। हादसे में गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि वैन पलटने से बच गई। उसके बाद पूरे काफिले को कुछ देर के लिए रोका गया और फिर काफिला यूपी के प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।



## उपनगर में चैतीचांद पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

# गायक कलाकार प्रिया, निशी व विकास ने अपनी टीम के साथ दी प्रस्तुतियां







**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति द्वारा सिंधी समाज का पावन पर्व चैतीचांद के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विकास उदासी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रिया ज्ञानचंदानी, निशी धामेजा व विकास उदासी ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी।। समिति द्वारा साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर सिंधी सांस्कृतिक संध्या के साथ-साथ आम भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सिन्धी व्यंजनों का लोगों ने लुत्फ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत बाबा रामदास उदासीन, वेदान्त संत लाल सांई, पूर्व मंत्री व विधायक पी.सी शर्मा, पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, पार्षद लक्ष्मण राजपूत, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बाबा रामदास ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस बार सिंधी समाज चेतीचांद पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में सामाजिक एकता का परिचय दिया है। यह एकता हमेशा कायम रहनी चाहिए। सिंधु नवजागरण समिति चेतीचांद के साथ कई सामाजिक कार्य करती है। इनके पदाधिकारी बधाई के पात्र है। संत लाल सांई ने गोविंदा गोविंदा भजन पेश किया। इस अवसर पर रीवा के मशहूर गायक विकास उदासी ने हिन्दी और सिन्धी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी, वहीं प्रिया ज्ञानचंदानी व निशी धामेजा ने भगवान झूलेलाल के गीतों पर सभी को झूमने पर मजबूर किया। इसके अलावा सिंधी सूफी तराने पेश कर दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी। वही हजारों की संख्या में देर रात तक पारिवारिक सहित सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।



## बालिस्ता रावत की उपस्थिति में निकली चुनरी यात्रा

**भोपाल।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शहीद भगत सिंह मंडल संयोजक महेन्द्र जैन के नेतृत्व एवं भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत के उपस्थिति में वार्ड-76 उड़िया बस्ती काली जी की मंदिर प्रांगण से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई । चुनरी यात्रा उड़िया बस्ती से छोला मंदिर, नवजीवन कालोनी, प्रेम नगर, चाँदबाड़ी, शिवनगर, गुप्ता नगर होते हुए सुंदर नगर दुर्गा जी की मंदिर में पूजा, आरती, प्रसाद वितरण के बाद समापन हुई । बालिस्ता रावत ने सबकी मनोकामना पूरी करने की देवी मईया से प्रार्थना की । महेंद्र जैन ने यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया । यात्रा का अनेकों स्थान पर पुष्प वर्षा तथा पानी पाउच वितरण कर स्वागत किया गया । यात्रा में गौतम यादव, सुमंती बाघ, आदित्य दुर्गा, वंटी जैन, मुकेश जैन, शुभम विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, संतु कुचबंदिया, विवेक गौर, पारस सोनी, चंदन कुचबंदिया एवं अनेकों कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक सम्मलित थे ।



भोपाल। लालघाटी श्री काल भैरव मठ में नव वर्ष के प्रथम रविवार को 1बजे भगवान श्री काल भैरव की महा आरती पूजन श्रृंगार एवं विजयमदेहि हवन किया गया। सभी धर्म प्रेमी बंधु महाआरती मैं सम्मिलित हुए। इस दौरान श्री काल भैरव मठ प्रवक्ता पं. दीपक तिवारी, भरत बनानी अनूप गर्ग आदि मौजूद रहे।

## आतिशबाजी, वंदेमातरम् गीत के साथ सिंधी प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधु सेना द्वारा 26 मार्च से 2 अप्रैल तक शाम 6 बजे से बाबे आली स्टेडियम में स्व बंसीलाल इसरानी की स्मृति में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट एसपीएन 6 लीग मैच का रंगबिरंगी आतिशबाजी, वंदेमातरम् गीत ,के साथ शुभारंभ बाबे आली स्टेडियम में हुआ , जिसमे 16 टीमों ने भाग लिया, टूर्नामेंट के पहले दिन पहला मैच सुभाष इलेवन ने टॉस जीता पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में 76 रन बनाए सुभाष इलेवन की ओर से सौरभ वाधवानी ने 49 रन बनाए क्लब 7 की ओर से राहुल ने 2 रन देकर दो विकेट लिए क्लब 07 नया मैच 5 और 4 गेंद जीत लिया राहुल को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे मैच में गेम सिंगर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में 80 रन बनाए तरुण ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए संत हिरदाराम इलेवन 8 ओवर में 74 रन ही बना पाई श्लोक ने 54 रन बनाए गेम्स सिंगर ने यह मैच 6 रन से जीता और तरुण को मैन ऑफ द मैच दिया गया। तीसरा मैच में महाकाल 11 जीत के पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और यूसीसी को 8 ओवर में 90 रन पर रोक दिया भारत में 34 रन बनाए और चिंटू ने 24 रन बनाए महाकाल 11 ने यह मैच 7 ओवर 2 गेद पर जीत लिया कुशल ने 60 रन बनाए उनको मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## सर्व विश्वकर्मा समाज समिति का रंगारंग होली मिलन एवं सम्मान समारोह हुआ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सर्व विश्वकर्मा समाज समिति मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा समन्वय भवन अपेक्स बैंक परिसर में रंगारंग होली मिलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कोरोना दिवंगतों को विनम्र श्रद्धांजलि, विश्वकर्मा समाज के पत्रकारों का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवक-युवतियों तथा सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया । उक्त आयोजन समाज की महिलाओं की अगुआई में ही किया गया। आयोजन में बेटी बचाओ नाट्य प्रस्तुति भी की गई जिसमें लड़के की चाहत में लड़कियों को गर्भ में न मारने की अपील की गई थी। मयंक एवं नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। नेशनल स्केटर प्रथमेश एवं 26 जनवरी की दिल्ली की परेड की सहभागी रही सृष्टि का भी सम्मान किया गया। कोरोना में दिवंगत समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों के परिजनों का मंच से शोक संदेश पत्र प्रदान कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के पत्रकारों की श्रेणी में दैनिक भास्कर के श्री




दीपक विश्वकर्मा, सहारा समय के ब्यूरोचीफ श्री एम के झा तथा श्रीमती अंतिमा विश्वकर्मा अनादि टीवी को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियों में एस एस विश्वकर्मा निज सचिव स्व रमेशचंद्र अग्रवाल भास्कर समूह को भी सम्मानित किया गया। रामजी महाजन पुरस्कार से पुरस्कृत समाज के 06 साथियों का भी सम्मान किया गया। मंच संचालन शांति विश्वकर्मा, श्रीमती संध्या विश्वकर्मा एवं समाज की बच्चियों के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर रीना विष्णु विश्वकर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा पार्षद द्वय ममता मनोज विश्वकर्मा एवं रीता जगदीश विश्वकर्मा उपस्थित थीं। रीटा विश्वकर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## नरेला विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह धनेन्द्र धुवारे के कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष आई. एस. मौर्य ने की। मौर्य का पुष्पहार से स्वागत धनेन्द्र धुवारे द्वारा किया गया। उसके बाद प्रदेश संयुक्त सचिव शैली छाबड़ा। राजु भटनागर,लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत पटेल, सचिव दीदी रीना सक्सेना, भोपाल जिला अध्यक्ष हरिश पाठक, सचिव शशि आर्य, दिनेश सेन सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर काम करने का संकल्प लिया गया और नव रात्रि तथा रमजान की बधाई दी। इस अवसर पर अनिश सलमानी, नदीम अली, शंकर सिंह बुंदेला, के.के.तिवारी, कुलदीप दुग्गल, राजेश सोनीया, धर्मेन्द्र सिंह, अजय गिरी,विनायक तोमर, शैलेन्द्र नागले, नवेद खान, अजय सिंघाड़, मो.इमरान खान, गिरीराज आदि मौजूद रहे।

# सहकारी आंदोलन में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता

### स्व-सहायता समूह का गठन-जैविक खेती का महत्व विषय पर सेमीनार का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं आस्था महिला नागरिक सहकारी बैंक, भोपाल द्वारा आयोजित सहकारी आंदोलन में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता स्व-सहायता समूह का गठन-जैविक खेती का महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन वेदांता षिवांगन ग्रामीण पर्यटन सहकारी समिति, नबीपुर, जिला सीहोर में आयोजित किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि श्री पर्वत सिंह मीणा, सरपंच ग्राम पंचायत बरखेड़ा खरात, जिला सीहोर थे। इस सेमीनार की अध्यक्षता श्रीमती आरती बिसारिया, संस्थापक अध्यक्ष, आस्था महिला नागरिक सहकारी बैंक, भोपाल द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता श्री सुबोध सहस्त्रबुद्धे, सलाहकार-जैविक खेती एवं श्री सुधीर परिहार, वक्ता-जैविक खेती सहित सेमीनार में 120 से अधिक महिला/पुरूषों ने भाग लिया। आस्था महिला नागरिक सहकारी बैंक की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती आरती बिसारिया ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में




सहकारी आंदोलन में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता (स्व-सहायता समूह का गठन-जैविक खेती का महत्व) विषय पर सम्बोधित किया। श्रीमती बिसारिया द्वारा सहकारी आंदोलन में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता के संबंध में विस्तार से बताया। साथ ही स्व सहायता समूह का गठन कैसे किया जाता है, उसके माध्यम जैविक खेती का उत्पादन कैसे कर सकते हैं पर विस्तार से बताया। इन्होंने कहा कि आज दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली ज्यादातर सामग्री रसायनिक खाद से तैयार हो रही है जिसके कारण मानव के शरीर में अनेक प्रकार की बीमारियों ने जगह बना रखी है। यदि हम दैनिक उपयोग में आने वाली खाद सामग्री जैविक खेती के माध्यम से तैयार करें तो हम एवं हमारा समाज तथा देष के लोग एक स्वस्थ एवं लम्बा जीवन जियेगे। जैविक खेती करने से हमारे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होगा। विशेष अतिथि पर्वत सिंह मीणा, सरपंच ने सेमीनार में उपस्थित महिलाओं एवं पुरूषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं छोटे-छोटे समूह बनाकर अपने जीवन यापन में सुधार ला रही हैं। इन्होंने भी जैविक खेती की उपयोगिता के बारे में विस्तार में बताया। द्वितीय सत्र में प्रमुख वक्ता एवं सलाहकार-जैविक खेती श्री सुबोध सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि आज हमारे समाज को जैविक खेती के बारे में ज्यादा जानकारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 15-20 वर्ष पहले गांव में रसायनिक खाद का उपयोग बहुत ही कम होता था। इसलिए सभी स्वस्थ्य जीवन बिताते थे। आज इसलिए बीमारियाँ बढ़ गई क्योंकि हम ज्यादा उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेस्टीसाइड एवं रसायनिक खादों का उपयोग करते हैं। इन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि हम ज्यादा से ज्यादा खेती जैविक खाद डालकर करें जिससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा जिसका सीधा प्रभाव मानव एवं जनसामान्य के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। वक्ता एवं सलाहकार-जैविक खेती श्री सुधीर परिहार जो कि स्वयं जैविक खेती के माध्यम से फसल एवं सब्जियाँ आदि तैयार करते हैं ने विस्तार से बताया। उन्होंने जैविक खेती की महत्ता के बारे में बताया। उनके बताया गया कि आज वे लगभग 50 एकड़ में जैविक खेती कर रहे हैं जिससे काफी ज्यादा उत्पादन होता है एवं वे अपने परिवार तथा समाज को स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं।

इस मौके पर वेदांता षिवांगन पर्यटन विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती शोभा सिंह ने सहकारिता आंदोलन में ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता विषय पर बोलते हुए कहा कि उनकी समिति बहुत अनेक समितियों जुड़कर काम कर रही है। वे दैनिक उपयोग में आने वाली फसल एवं साग सब्जियों का उत्पादन क रही है जिससे उन्हें एक तरफ मुनाफा हो रहा है एवं उनके द्वारा उत्पादित सामग्री को अच्छा प्रोत्साहन मिल रहा है।

# मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें : राजन

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचक नामावली को प्रभावी बनाने हुई कार्यशाला में दिये निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एक और मौका उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जाँच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर/ समग्र आईडी नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें।

निर्वाचक नामावली को अधिक प्रभावी और बेहतर बनाने को लेकर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आज एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने किया। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं बीएलओ के सुझाव लिए गए।





**मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी बीएलओ एप से दर्ज करें:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी (अच्छा/बुरा) बीएलओ एप से दर्ज की जाये।

**एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

**महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की लें मदद:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाया जाए। पुरूष मतदाता की तुलना में जहाँ महिला मतदाताओं की संख्या कम है, वहाँ महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने आँगनवाड़ी, आशा, ऊषा कार्यकर्ता की मदद लें।

**हायर सेकंडरी स्कूल और महाविद्यालय में लगाएं कैंप:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि 17 वर्ष से अधिक की आयु पूरी कर चुके युवा भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। ऐसे युवा अधिक से अधिक आवेदन करें, इसके लिए हायर सेकंडरी स्कूल और महाविद्यालयों में विशेष शिविर लगाया जाए। कार्यशाला में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित मुरैना, सागर, शिवपुरी, ग्वालियर, सतना, छतरपुर, हरदा, राजगढ़, बुरहानपुर, इंदौर, रतलाम, आगर मालवा, रीवा, खंडवा, भिंड, निवाड़ी, मंदसौर, राजगढ़, भोपाल, दमोह, शहडोल, नर्मदापुरम, बैतूल, शाजापुर, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, उमरिया, अशोकनगर, शाजापुर, नरसिंहपुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, गुना जिले के निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।



## पुलिस पेंशनरों का सम्मेलन सम्पन्न

भोपाल। मध्यप्रदेश स्टेट पुलिस सर्विस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन भोपाल का 38 वां वार्षिक वरिष्ठ सदस्य एवं प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 26 मार्च 2023 को वृंदावन गार्डन होशंगाबाद भोपाल में संपन्न हुआ द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया़ा एवं 70 साल से ऊपर वाले सदस्यों तथा पुलिस परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों को नगद राशि, प्रशंसा पत्र साल ,श्रीफल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री केवीशर्मा (भारतीय पुलिस सेवा) द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में रिटायर्ड डीजीपी ,आईजी डीआईजी ,एसपी डीएसपी आदि एसोसिएशन के सदस्य एवं प्रति प्रतिभागियों के परिवार जन उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम सफल बनाने में एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र सक्सेना, सह सचिव एस के पंथी कोषाध्यक्ष संजय बोरकर की विशेष भूमिका रही।

## बहनों की आंखों में आंसू नहीं आत्म-विश्वास देखना चाहती है सरकार: गोविंद सिंह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश सरकार बहनों की आँखों में आँसू नहीं आत्म-विश्वास देखना चाहती है। इसी मंशा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की गई है। योजना में पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए और वर्ष भर में 12 हजार रूपए मिलेंगे। इस राशि से बहनें आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगी। श्री राजपूत ने बहनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर हमेशा से ही कार्य करती रही है। स्व-सहायता समूह के माध्यम से ही महिलाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था उन्हीं के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई है। मंत्री श्री राजपूत सुरखी क्षेत्र के सीहोरा में लाड़ली बहना योजना के आवेदन-पत्र भरने के कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे।



## बकायादारों से व्यक्तिगत संपर्क कर प्रभावी ढंग से राजस्व वसूली के निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम व्दारा संपत्तिकर सहित अन्य करों/शुल्कों की वसूली का कार्य निरंतर तीव्र गति से किया जा रहा है साथ ही करों की अदायगी न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए तालाबंदी/कुर्की/असेधन/नीलामी आदि की कार्यवाही भी की जा रही है। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चैधरी ने रविवार को वार्ड क्रमांक 01, 04, 08, 10, 12, 13, 17 एवं 46 आदि में आयोजित राजस्व वसूली सह समाधान शिविरों का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त के.वी.एस. चैधरी ने रविवार को जोन क्रमांक 1 के वार्ड क्रमांक 4 संत हिरदाराम नगर, जोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 10 ईदगाह हिल्स, जोन क्रमांक 3 के वार्ड क्रमांक 12 नारियलखेड़ा तथा वार्ड क्रमांक 13 टीलाजमालपुरा, जोन क्रमांक 4 के वार्ड क्रमांक 17 इब्राहिमगंज, जोन क्रमांक 5 के वार्ड क्रमांक 8 खानूगांव, जोन क्रमांक 8 के वार्ड क्रमांक 46 चार इमली क्षेत्र तथा गांधी नगर क्षेत्र अंतर्गत जोन 20 के वार्ड 1 में पहुंचकर शिविरों का जायजा लिया और जोनल अधिकारी व वार्ड के कर्मचारियों से वर्तमान एवं पूर्व के बकायादारों के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने हेतु राजस्व वसूली संबंधी कार्यवाही को और अधिक प्रभावी ढंग से करने तथा करदाताओं से सतत् रूप से संपर्क स्थापित कर करों की अदायगी हेतु प्रेरित करने तथा करों की अदायगी न करने वालों के घर-घर जाकर नोटिस तामील कराने अथवा नोटिस चस्पा करने तथा , बड़े बकायादारों से वसूली हेतु निरंतर संपर्क करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने बार-बार नोटिस देने के बाद भी करों की अदायगी न करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उनकी संपत्ति सील करने, जल उपभोक्ता प्रभार की अदायगी न करने वालों के नल कनेक्शन विच्छेद करने के निर्देश राजस्व अमले को दिए।

# पर्यावरण, पानी-बिजली बचाने की मुहिम पड़ी भारी, हुई एफआईआर

### उमाशंकर तिवारी ने गृह मंत्री को एफआईआर निरस्त करवाने लिखा पत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी के कटारा हिल्स थाने में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पर महाराणा सेना मध्य प्रदेश के अध्यक्ष बंटी राजपूत एवं राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने एफआईआर करवाई है। जिसे निरस्त करवाने के लिए पीड़ित द्वारा प्रदेश सरकार के गृह मंत्री को पत्र लिखा है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया मेरे द्वारा कर्मचारी हित में और समाज सेवा पर्यावरण, पानी, बिजली, सरकारी संपत्ति बचाने की मुहिम लगातार चलाई जाती है। यही कार्य कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है। उन्हीं में कुछ लोगों द्वारा झूठी शिकायत कटारा हिल्स थाने में एक महिला को भेजकर करा दी गई हैं।

उमाशंकर तिवारी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस निवासी मीना जाट द्वारा 17 फरवरी की घटना की शिकायत 26 फरवरी को 10 दिन बाद की गई जो कि संदेह उत्पन्न करती है । थाने में की गई शिकायत में जिस समय घटनाक्रम बताया है उस समय श्री तिवारी अपने घर में मौजूद थे जिसके प्रमाण देखने जा सकते हैं। तिवारी ने बराता कि शिकायतकर्ता महिला एवं जो गवाह हैं उनकी भी मोबाइल लोकेशन देखी जा जाए। यह शिकायत पूरी तरीके से झूठी और असत्य है । वहीं कटारा थाने द्वारा आवेदन आते से बगैर जांच किए ही एफ आई आर दर्ज कर ली गई। ऐसा क्या कारण रहा कि थाना प्रभारी द्वारा उक्त शिकायत की जांच कर सत्यता को देखा नहीं गया। श्री तिवारी ने एफआईआर की जांच कर निरस्त करने गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से आग्रह किया है।




**सरपंचों के अधिकारों के लिए राष्ट्रीय सरपंच संघ द्वारा सामूहिक संघर्ष किए जाने का ऐलान किया गया है। यह जानकारी आज संघ के अध्यक्ष निर्भय सिंह यादव, बलवीर सिंह तोमर आदि ने एक प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से दी।**

## एम्स के डॉ राघवेंद्र विदुआ शोध पत्र उत्कृष्टता से सम्मानित



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

डॉ राघवेंद्र कुमार विदुआ, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग, एम्स भोपाल के अतिरिक्त प्रोफेसर को एमएलएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित मेडिकल लापरवाही और कोपरा पर राष्ट्रीय सीएमई में 25 मार्च 2023 को शोध पत्र संकाय मौखिक प्रस्तुति श्रेणी में उत्कृष्टता के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है ।

उन्होंने अपनी प्रस्तुति में बताया कि कैसे रक्त और उसके घटकों के आधान में देरी और त्रुटि, रोगियों के लिए असुरक्षित और घातक हो सकती है । उन्होंने रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्त और उसके घटक को चढ़ाते समय विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा पालन किए जाने वाले उपलब्ध प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों की भूमिका पर भी जोर दिया । इन दिशानिर्देशों से कोई विचलन विशेष रूप से चिकित्सा अभ्यास के दौरान भंडारण और आधान में देरी करना, रोगी के लिए असुरक्षित हो सकता है और रोगियों को नुकसान पहुंचाने के लिए चूक या कमीशन के कार्य के कारण चिकित्सक के खिलाफ चिकित्सा लापरवाही के आरोप लगाए जा सकते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि कैसे ऐसे मामलों में विशेषज्ञ राय दी जाती है जिन्हें कानून और न्याय के प्रशासन के लिए विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा एम्स भोपाल भेजा जाता है ।

## रोज़गार से जोड़ने कार्यशाला आयोजित कर महिलाओं को दिया प्रशिक्षण



**भोपाल।** अवंतिका साख सहकारी संस्था द्वारा सत्य सांई विध्यालय हॉल में महिलाओं को रोज़गार से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की आयोजक समिति की चेयरमेन एवं राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली की सदस्य आशा सेंगर ने बताया की राष्ट्रीय सहकारी संघ जिनके सहयोग से इसका आयोजन किया गया। कार्यशाला मैं महिलाओं को फ्री में ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण /उसकी मार्केटिंग/मटीरियल समेत सभी विषयों की जानकारी विस्तार से दी गई। पात्र चयनित प्रशिक्षणार्थियों को लगातार प्रशिक्षण के माध्यम से निपुण किया जाएगा। उनका लगातार मार्गदर्शन भी किया जाएगा ताकि भविष्य में वे अपना रोज़गार स्थापित कर सकें ,अन्य रोज़गार के माध्यमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या मैं महिलाएं उपस्थित रही। मुख्य रूप से उपाध्यक्ष वन विकास निगम राज्य मंत्री दर्जा सतेन्द्र भूषण, प्रदेश संगठन मंत्री सहकार भारती राकेश चौहान,लघू उद्योग भारती /ITI गोविंदपुरा (चेयरमेन) उमा शर्मा, आकाशबानी/दूरदर्शन की प्रोग्राम एंकर,(कृषि दर्शन) रानी रैकवार, पूर्व विधायक चित्रकूट , अध्यक्ष अलबीरा सामाजिक संस्था शाना परबीन खान, रेवती खमडेकर,आरती एवे बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महिलाओं का पुलिस सेवा में शामिल होना समाज के लिए हितकारी : आईजी सूरी

### तीन दिवसीय जीवा वार्षिक कार्यशाला का हुआ समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




द प्रैकेडमिक एक्शन रिसर्च इनिशिएटिव फॉर मल्टीडिसिप्लिनरी एप्रोच लैब (परिमल) और जस्टिस इंक्लूशन एंड विक्टिम एक्सेस (जीवा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जीवा कार्यशाला समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल के पुलिस कमीश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडीजी (ट्रेनिंग) अनुराधा शंकर, पूर्व डीजीपी ऋषि शुक्ला एवं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रोफेसर जी. एस. वाजपेयी उपस्थित थे। कार्यशाला के तीसरे दिन घरेलू हिंसा के कानूनी प्रावधानों में मीडिएशन और काउंसिलिंग की भूमिका पर मंथन किया गया। इसमें नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली के प्रोफेसर जीएस वाजपेयी ने कहा कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को कम करने में मीडिएशन और काउंसिलिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कानून का अंतिम का उद्देश्य है समाज में संतोष बना रहे। वहीं अपने वक्तव्य में आईजी (एडमिनिस्ट्रेशन) दीपिका सूरी ने कहा कि समाज के हित के लिए सबसे जरूरी ये है कि महिलाएं पुलिस विभाग में सेवा देने के लिए प्रेरित हों।

पुलिस आयुक्त मिश्र ने कहा कि इस कार्यशाला में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने संपूर्ण दृष्टिकोण को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। तकनीक के माध्यम से महिला अपराधों को रोकने में बहुत मदद मिली है। वहीं एडीजी (ट्रेनिंग) अनुराधा शंकर ने कहा कि इस मंच पर अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भी अपने शोध प्रस्तुत किए। जिसमें सबूतों के आधार पर उचित विवेचना किए जाने की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यशाला के तीसरे दिन विशेषज्ञों ने इनगेदरिंग द पुलिस,ऑलटरनेटिव डिस्प्यूट रेसोल्यूशन एंड मेडिएशन सिविल सोसायटी एंड इंटराजेंसी कॉ-ऑर्डिनेशन इन विक्टिम जस्टिस थीम के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किए। पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस के पारिजात हॉल में आयोजित इस कार्यशाला का संचालन परिमल के सचिव एवं डीसीपी डॉ. विनीत कपूर ने किया। कार्यशाला में मीडिएशन और काउंसिलिंग विषय पर चर्चा की गई जिसमें विशेषज्ञों ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान सेटल कराना और न्याय की प्रक्रिया का ध्यान रखना होगा। एआईजी डॉ.वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि थाना प्रभारी ही सबसे पहला मीडिएडर की भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया महिला अपराधों के साथ ही ट्रांसजेंडरर्स पर भी बात करने की जरूरत है। उनके साथ समाज में समान व्यवहार नहीं किया जाता है।

महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित मामलों में महिला हेल्प डेस्क और चाइल्ड लाइन बड़ी भूमिका निभाते हैं। काउंसिलिंग और मीडिएशन की प्रक्रिया में सभी पक्षों को ध्यान रखने की जरूरत है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली के प्रोफेसर जीएस वाजपेयी ने बताया कि कानून में मीडिएशन की एक अलग व्यवस्था की गई। घरेलू हिंसा एक्ट के मामले में मीडिएशन शब्द का प्रयोग किया जाता है, जबकि काउंसिलिंग और मीडिएशन अलग-अलग होते हैं। पुलिस को यह जानना जरूरी है कि घरेलू हिंसा के मामलों में काउंसिलिंग करते हुए मीडिएशन तक ले जाना है। काउंसिलिंग का दस्तावेजीकरण करने की जरूरत है, जिसमें पूरी जानकारी हो।

## सम्पादकीय

# यह रणनीति का ही हिस्सा है..!

विदेशी हाथ के बाद विदेशी धरती पर बयान को लेकर हंगामा। संसद की सदस्यता समाप्त। परंतु संसद में बोलने से रोकने का प्रहसन। कथित तौर पर स्पीकर द्वारा असमर्थता जताया जाना। माफी की मांग, लेकिन बोलने पर पाबंदी। और, जो नहीं कहा गया, उसका प्रचार। उसके आधार पर बवाल। यही हो रहा है देश में। और वो कर रहा है, जिसके नेतृत्व की पूरी दुनिया तारीफ कर रही है। जिसके कारण जी-20 की अध्यक्षता मिली। जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जो खाद्य-उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है।

प्रश्न तो उठता ही है कि जो दुनिया का वैक्सीन कैपिटल कहलाया था, जिसके यहां यूनिकॉर्न कम्पनियों की भरमार है और जिसके यहां तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। ऐसे फील-गुड माहौल में पूर्ण बहुमत वाली सरकार को एक असहमत विपक्षी स्वर की इतनी चिंता क्यों होनी चाहिए? एक ऐसा देश, जो विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है, उसमें आलोचनाओं को सहन करने की क्षमता भी तो होनी चाहिए? आखिर हमारी सरकार विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को एक वृहत्तर राजनीतिक परिवार का हिस्सा मानती ही है। आखिर यह वही सरकार है, जिसका जी-20 मंत्र है- 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।'

विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने क्या कहा, सबसे पहले तो इसके पूरे और सही वीडियो पूरे देश के सामने सार्वजनिक होने चाहिए। क्योंकि जो कहा जा रहा है, जिस आधार पर मुहिम चलाई जा रही है, जो बयान आ रहे हैं, राहुल के मूल बयान से अलग हैं। राहुल गांधी द्वारा कही गई बातों के बहाने कांग्रेस नेतृत्व की देशभक्ति को प्रश्नांकित करने की कोशिशें की जा रही हैं। हमें यह समझना होगा कि इस विवाद के माध्यम से सरकार एक तीर से कई निशाने साध रही है। एक तो ऐसा करके वह संसद के भीतर अदाणी मामले पर चर्चाओं को टाल रही है।

दूसरे, इसके जरिए सत्तापक्ष विपक्षी दलों में आपसी फूट को बढ़ावा दे रहा है। कारण, सभी विपक्षी नेता राहुल गांधी की नेतृत्व-शैली से सहमत नहीं हैं। तीसरे, इससे भाजपा के समर्थक वर्ग की एक 'एंटी-नेशनल' फिगर यानि राष्टविरोधी व्यक्तित्व की खोज भी पूरी होती है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों की मानें तो, उन्हें लगता है कि भाजपा को अपनी राजनीति को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए राहुल गांधी की जरूरत है। शायद तभी इस तेजी से सब कुछ किया गया या करवाया गया, कि किसी को सोचने का वक्त ही न मिले।

विदेशी धरती' के विचार से भी बहुत पहले 'विदेशी हाथ' का विचार हुआ करता था। 1976 में कोलकाता में एक सभा के दौरान प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने विदेशी आलोचकों को आगाह किया था कि वे भारत के अंदरूनी मामलों में दखल देने की कोशिश न करें। यही कारण है कि सरकार के सांसदों द्वारा राहुल गांधी से इस बात के लिए माफी की मांग करना कि उन्होंने विदेशी धरती पर जाकर भारतीय लोकतंत्र पर सवाल खड़े किए, एक स्वस्थ-भावना से भरा कदम नहीं मालूम होता। पर, यह भी तो एक मुद्दा है कि वास्तव में राहुल गांधी ने कहा क्या था? क्या भारत की घरेलू राजनीतिक हकीकतों के कारण उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षाएं लड़खड़ाती दिख रही हैं?

राहुल ने जो कहा, उसके लिए उन्हें चुनौती देना एक बात है लेकिन उनसे माफी की मांग पर संसद ठप कर देना दूसरी बात है। आज सरकार अपने राजनीतिक विपक्षियों के प्रति जैसा संघर्षपूर्ण रवैया अख्तियार किए हुए है (जिसकी झलक प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उन पर की जाने वाली कार्रवाइयों में भी दिखती है) वैसे में दुनिया में भारत की सॉफ्ट-पॉवर को क्षति पहुंचने का खतरा उत्पन्न हो गया है। तेजी से अराजकता की ओर बढ़ रही दुनिया में भारत के लोकतांत्रिक स्थायित्व को आज दुनिया में एक सुखद दृश्य की तरह देखा जाता है। परंतु इस पर भी सवालिया निशान ही लग रहा है। कई संगठनों की रिपोर्ट हमारे देश के खिलाफ जाती है। भारत जहां भ्रष्टाचार के मामले में दुनिया की सूची में ऊपर दिखता है, करोड़पतियों की सूची बढ़ने के बावजूद गरीबी और भुखमरी में स्थान ऊंचा मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ लोकतांत्रिक मूल्यों के मामले में हम नीचे जा रहे हैं।

अब यदि हम सभी सर्वे और रिपोर्टों को झुठला भी दें, तो भी देश में जो माहौल है, उसे आंख मूंद कर स्वीकार भी तो नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी का मामला ऐसे समय में बवाल के रूप में उभरा है, जब कई राज्यों में चुनाव के साथ ही आम चुनाव की बेला भी निकट आ रही है। यह तब हो रहा है, जब मोदी सरकार सर्वशक्तिमान है और विपक्ष में सामंजस्य का अभाव है। और अहम बात तो यह है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बावजूद न तो कांग्रेस का नेतृत्व संभालने की बात कर रहे हैं और अगले आम चुनाव में विपक्ष का नेतृत्व करने से भी इंकार कर चुके हैं। इसके बावजूद अगर आज सरकार विपक्ष पर टूट पड़ी है तो इसका यही कारण हो सकता है कि वह 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के अवसर को किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं चाहती। राहुल गांधी पर तीखे प्रहार इसी रणनीति का हिस्सा माने जा रहे हैं। कहीं न कहीं भाजपा राहुल गांधी को इसीलिए केंद्र में रखना चाहती है, ताकि विपक्ष एकजुट न हो। इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह तो बाद की बात है, फिलहाल तो राहुल गांधी को संसद से बाहर कर दिया गया है, वह अगले चुनाव के लिए भी अयोग्य हो गए हैं। कांग्रेस हमलावर है, विपक्ष फिलहाल उसके साथ खड़ा तो दिख रहा है, लेकिन साथ ही साथ राज्यों में क्षेत्रीय दलों को महत्व दिए जाने का मुद्दा भी उठाया जाने लगा है।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# एसपी-आईजी के बाद अब कलेक्टर-कमिश्नर की बारी

**सुरेश तिवारी**

गत शनिवार को प्रदेश के 75 आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी हुए जिनमें कई जिलों के एसपी प्रभावित हुए। इनमें अधिकांश वे आईपीएस अधिकारी थे जिन्हें एक ही जिले में या तो 3 वर्ष होने वाले थे या 3 वर्ष हो गए थे।



अब ऐसी ही एक सूची आईएएस अधिकारियों की भी आने वाली है जिनमें ऐसे अधिकारियों को हटाया जाएगा जिन्हें नवंबर तक 3 साल पूरे होने वाले हैं। इनमें इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कमिश्नर प्रभावित होंगे। इसी प्रकार कोई आधा दर्जन जिलों के कलेक्टर भी इसी क्राइटेरिया में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि अप्रैल में कभी भी आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची आएगी जिसमें चार कमिश्नर और कोई 10 कलेक्टर बदले जा सकते हैं। सागर कमिश्नर मुकेश शुक्ला के रिटायर होने के बाद यहां पर नए कमिश्नर की पदस्थापना की जाना है।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान के अनुसार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के समय एक ही जिले में कोई भी चुनाव से जुड़ा अधिकारी 3 वर्ष से अधिक अवधि तक लगातार नहीं रह सकता। इसी क्राइटेरिया के तहत यह तबादला सूची जारी होगी। माना जा रहा है कि इसी बहाने इस चुनावी साल में सरकार इन संभाग और जिलों में अपने मनपसंद के कमिश्नर- कलेक्टर पदस्थ करेगी।

**भाजपा दिग्गजों के दौरे और चुनावी तैयारी**

भाजपा के दिग्गजों के मध्य प्रदेश में लगातार हो दौरे इस समय चर्चा में है। अमित शाह, जेपी नड्डा ,राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री मोदी 1 अप्रैल और 24 अप्रैल को मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। इसी बीच आरएसएस चीफ मोहन भागवत का भी 31 मार्च को भोपाल का दौरा होने वाला है। सबसे पहले छिंदवाड़ा को फोकस कर कमलनाथ को मात देने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह 3 दिन छिंदवाड़ा में रहे।

इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने आकर कमलनाथ को घेरा और उन पर कई तरह के आरोप लगाए।छिंदवाड़ा में कमलनाथ को घेरने की पूरी तैयारी की जा रही है ताकि वह प्रदेश के अन्य जगहों पर नहीं जा सके और छिंदवाड़ा पर केंद्रित हो सके।

रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भोपाल आए और पूरा दिन



राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त रहे। उन्होंने पार्टी के कार्यालय का भूमि पूजन जरूर किया पर इसके अलावा चुनावी बैठक में भी भाग लिया। भाजपा जिस तरह कमर कसकर चुनाव की तैयारी कर रही है, उससे लगता है कि वो कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती। पार्टी ने सभी 230 सीटों के लिए विधानसभा वार संयोजक बना दिए। यह चुनाव की विशेष तैयारी है, जो भाजपा में दिखाई दे रही है। इसके मुकाबले में कांग्रेस में कोई विशेष हलचल दिखाई नहीं दे रही। राहुल गांधी की यात्रा के समय जरूर कांग्रेस के नेता उत्साहित दिखे, पर अब माहौल लगभग ठंडा दिखाई दे रहा है।

**कमलनाथ का पार्टी में कम होता वजन**

कमलनाथ का महत्व पार्टी और मध्य प्रदेश में घटता दिखाई दे रहा है। उनमें जो जोश दो महीने पहले था, वो धीरे-धीरे ठंडा होने लगा है। अब ऐसा भी लगने लगा कि कांग्रेस के नेता भी उन्हें मात देने की कोशिश करने लगे हैं। बताया गया है कि जिस तरह है कमलनाथ पार्टी को कारपोरेट ऑफिस की तरह चलाते हैं उससे कई छोटे बड़े नेता नाराज हैं। विधायकों को महत्व नहीं देना, अपनी बात थोपना और खुद काकस से घिरे रहना अब लोगों को रास नहीं आ रहा।

सिर्फ प्रदेश ही नहीं, दिल्ली दरबार में भी अब कमलनाथ के भाव कम हो गए! इसका एक प्रमाण यह भी है कि राहुल गांधी की शनिवार को दिल्ली में हुई पत्रकार वार्ता में जहां भूपेश बघेल और अशोक गहलोत मौजूद थे। लेकिन, कमलनाथ कहीं दूर दूर तक नहीं दिखे द्य आश्चर्यजनक बात यह है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी वे दिल्ली में राहुल गांधी से मिलने तक नहीं गए।

ये भी कहा जाने लगा है कि इस साल 31 मई को उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके बाद वे पार्टी अध्यक्ष रहते हैं या नहीं! पार्टी में यह भी अब चर्चा है कि वे विधानसभा में भी अब पार्टी विधायकों का साथ नहीं देते और सबको अकेला छोड़ देते हैं। जीतू पटवारी वाले मामले पर भी कमलनाथ का रुख सबके सामने भी आ गया। राजभवन घेराव के मुद्दे पर उन्होंने जीतू पटवारी की बात को तवज्जो नहीं दी। जबकि, जीतू को विधानसभा की कार्रवाई से निलंबित किया गया था। ये सब देखते हुए आशंका की जा रही है कि चुनाव तक कमलनाथ रहेंगे भी या नहीं!

**जिलों के एसपी बनवाने में मंत्रियों का योगदान**

लंबे इंतजार के बाद आईपीएस की भारी भरकम लिस्ट शनिवार को सामने आ गई। इनमें कई जिलों के एसपी बदल दिए गए। कई पुलिस अफसरों के लिए ये फेरबदल फ़ायदेमंद रहा तो कई को मायूस कर गया। पर अंदरखाने की जानकारी बताती है कि लिस्ट में देरी होने का बड़ा कारण एसपी को लेकर खींचतान होना थी।



चुनाव की नजदीकी को देखते हुए ज्यादातर मंत्री अपने चुनाव क्षेत्र में अपनी पसंद का एसपी तैनात करवाना चाहते थे। इस बार चुनावी साल को देखते हुए सरकार ने भी तवज्जों दी। पता चला है कि धार के नए एसपी की पदस्थापना उद्योग से जुड़े मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव की सिफारिश पर ही की गई। दत्तीगांव अलिराजपुर के प्रभारी मंत्री है।अलिराजपुर में मनोज सिंह एसपी है। वे उनके कार्यों से इतने प्रभावित हुए कि वे मनोज को अलीराजपुर से धार ले आए। बाकी जिलों में भी ऐसा ही कुछ हुआ है। लेकिन, यह प्रयोग मंत्रियों को चुनावी साल के लिए कितना फायदेमंद होता है, ये देखना होगा!

**क्या सरकार सागर कमिश्नर की काबिलियत का उपयोग करेगी**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2003 बैच के अफसर सागर कमिश्नर मुकेश शुक्ला 31 मार्च को रिटायर हो रहे हैं। मध्य प्रदेश से पहले वे छत्तीसगढ़ में भी रह चुके हैं। दोनों ही प्रदेशों उनकी गिनती सरकार के लिए परिणाम देने वाले अधिकारियों की रही हैं। चर्चा है कि उनकी सेवानिवृत्ति के बाद सरकार उनकी काबिलियत का उपयोग कर सकती है?



**बजट सत्र का समय से पहले हो सकता है सत्रावसान**

अवकाश के बाद शुरू हुए संसद के बजट सत्र की कार्रवाई बाधित चल ही रही थी कि शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता ही समाप्त हो गई। इस तात्कालिक फैसले ने फिलहाल विपक्ष को एकजुट होकर विरोध का मौका दे दिया। अब लगता नहीं कि संसद की कार्यवाही आगे सुचारू रूप से चल सकेगी। जानकारों का कहना है कि ऐसे में संसद के बजट सत्र का समय से पहले सत्रावसान हो सकता है।

**राहुल गांधी और कर्नाटक चुनाव**



राहुल गांधी की अयोग्यता का मुद्दा राजनीतिक गलियारों के साथ ही सत्ता के गलियारों में भी काफी चर्चित रहा। चर्चा के अनुसार कई लोग इसे राहुल गांधी के लिए राजनीतिक दृष्टि से नया अवसर बता रहे हैं। बहरहाल, इसका पता तो कर्नाटक के परिणाम के बाद पता चलेगा, जहां मई मे विधानसभा चुनाव होने हैं।

**दो आईएएस अधिकारियों की एमपी में वापसी?**

मध्य प्रदेश काडर के दो आईएएस अधिकारी केंद्र से वापस अपने काडर जाने वाले हैं। कैबिनेट सचिवालय में निदेशक सीबी चक्रवर्ती के रिपेट्रियेशन का आदेश भी जारी हो चुका है। पैट्रोलियम मंत्रालय मे संयुक्त सचिव नवनीत कोठारी की केंद्रीय डेपुटेशन की अवधि पूरी होने जा रही है और वे भी काडर वापसी के मूड में है।

# राज-काजः आखिर! मुख्यमंत्री भी नहीं मिला पाए इनके दिल

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

जो आशंका थी, वह सच साबित हुई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर सागर के दो मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और भूपेंद्र सिंह, राजकुमार धनौरा के साथ समझौते के लिए बैठे, समझौते की बातें भी हुईं



लेकिन आपस में दिल नहीं मिल सके। रविदास जयंती पर सागर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने गोविंद, भूपेंद्र को बैठ कर आपसी मतभेद सुलझाने के निर्देश दिए थे। राजकुमार धनौरा भूपेंद्र के रिश्तेदार हैं। उन्होंने सुरखी क्षेत्र में पद यात्रा का ऐलान कर गोविंद के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। लगातार उनके खिलाफ वीडियो जारी कर उन्हें एक्सपोज भी कर रहे थे।

जवाब में गोविंद ने उन्हें भाजपा से निकलवा दिया था और पुलिस में प्रकरण दर्ज कराए थे। समझौता बैठक के बाद लगभग डेढ़ माह से शांति थी, अचानक दोनों पक्ष फिर आमने-सामने हैं। राजकुमार ने गोविंद के खिलाफ नया वीडियो जारी किया है। जवाब में आपराधिक प्रकरण में राजकुमार के खिलाफ कुछ धाराएं बढ़ गई। अर्थात गोविंद, भूपेंद्र और राजकुमार के बीच तनातनी यथावत है। गोविंद राजपूत को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भूपेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री चौहान का खास माना जाता है। इस लिहाज से इनका कद बड़ा है, लेकिन कम हैसियत वाले राजकुमार इनके बीच प्रतिद्वंद्विता की वजह बने हुए हैं।

**पीके की टीम का कांग्रेस के लिए भोपाल में डेराः** -चुनावी रणनीतिकार पीके अर्थात प्रशांत किशोर। ये कई बार कह चुके हैं कि अब वे पहले की तरह किसी भी दल की जीत के लिए काम नहीं करेंगे, लेकिन सूचना उनके इस ऐलान के बिल्कुल विपरीत है। खबर है कि वे मध्यप्रदेश में कमलनाथ के आग्रह पर कांग्रेस के लिए काम करने के लिए तैयार हो गए हैं। खबर यहां तक है कि लोगों की नजरों से बचने के लिए पीके की लगभग डेढ़ सौ लोगों की टीम भोपाल के एक निजी विश्वविद्यालय में डेरा डाल चुकी है।

इस टीम ने कांग्रेस के लिए काम भी शुरू कर दिया है। इसीलिए कमलनाथ अपवाद छोड़ अधिकांश टिकट पार्टी के किसी नेता की सिफारिश पर देने की बजाय पीके की टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही देंगे। पीके की टीम के सदस्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों में पहुंच चुके हैं। पहले चरण में टीम कांग्रेस के जिताऊ प्रत्याशी के लिए सर्वे कर रही है। इसके साथ मुद्दों को कलेक्ट किया जा रहा है। कांग्रेस इन्हें चुनाव अभियान के अपने एजेंडे में शामिल करेगी। यह अभियान पीके की रिपोर्ट के आधार पर ही चलेगा। साफ है कि अपवाद स्वरूप ही सही लेकिन पीके अब भी राजनीतक दलों के लिए रणनीति बनाने का काम कर रहे हैं। विधानसभा के पिछले चुनाव में भी कमलनाथ ने पीके की मदद ली थी। उनकी टीम ने कांग्रेस के लिए काम किया था। नतीजा कांग्रेस के पक्ष में गया था।

**हुजूर में रामेश्वर के लिए संकट बनेंगे सबनानीः** राजधानी की हुजूर विधानसभा सीट में भाजपा टिकट के लिए इस बार बड़ा घमासान देखने को मिल सकता है। रामेश्वर शर्मा हुजूर के प्रभावशाली विधायक हैं। सीट पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी की भी नजर है। हुजूर में सिंधी समाज का सर्वाधिक वोट है। सबनानी भारतीय सिंधु सभा के जरिए भोपाल में ताकत दिखाने की तैयारी में हैं। भोपाल के भेल दशहरा मैदान में 31 मार्च को हेमू कालानी जन्मोत्सव मनाने की तैयारी चल रही है।



इसमें देश भर से सिंधी समाज के लोग इकट्ठा होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को आमंत्रित किया गया है। भागवत आएंगे तो संघ और भाजपा की सभी प्रमुख हस्तियां कार्यक्रम में शिरकत करेंगी ही।

यहां सबनानी को सिंधी समाज के सबसे प्रमुख नेता के तौर पर प्रस्तुत किया जाने वाला है। इससे सबनानी को एक टिकट का दावा स्वाभाविक तौर पर बन जाएगा। दूसरी तरफ रामेश्वर ने हिंदू नेता की अपनी छवि और मजबूत की है। वे क्षेत्र में किसी भी नेता से ज्यादा सक्रिय नजर आते हैं। ऐसे में रामेश्वर का टिकट काटना आसान नहीं है। संभव है, सबनानी को हुजूर से टिकट देकर रामेश्वर को दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से मैदान में उतार दिया जाए। इस तरह चुनाव से पहले ही रामेश्वर-भगवानदास के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**बाबा रामदेव के सन्यासी बनाएंगे 'हिंदू राष्ट्रः** हिंदुस्तान में हिंदू हृदय सम्राट नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार 2014 से है लेकिन पहली बार हिंदू राष्ट्र का शोर देश के हर कोने में गूंजता दिख रहा है। बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ज्यादा मुखर हैं। वे अपने धार्मिक मंचों से इस संदर्भ में घोषणा कर लोगों को संकल्प दिला रहे हैं। योग और आयुर्वेद का प्रचार करने वाले बाबा रामदेव ने इसके लिए अलग रास्ता चुना है। वे बाकायदा विज्ञापन जारी कर सन्यासियों की भर्ती कर रहे हैं। विज्ञापन में कहा गया है कि इन सन्यासियों को मानदेय दिया जाएगा और ये हिंदू राष्ट्र के लिए प्रचार का काम करेंगे।

सवाल है, तो क्या भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अभियान में ये तेजी आरएसएस के इशारे पर आई है या धीरेंद्र शास्त्री और बाबा रामदेव यह अपने स्तर पर ही कर रहे हैं? सच जो भी हो लेकिन दोनों के अभियानों पर संघ के साथ भाजपा की नजर है और कांग्रेस सहित विपक्ष की भी। इसीलिए धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रमों का विरोध होने लगा है। कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज हो गया है। महाराष्ट्र के मुंबई में विपक्ष के तगड़े विरोध के बावजूद धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम हुआ। भारी भीड़ भी जुटी। तो क्या अगले चुनाव में हिंदू राष्ट्र भी मुख्य मुद्दा होगा? भाजपा और संघ यह चाह सकते हैं!

**क्या 'महू' से बन रहे इस बार 'योगेश' के योगः** विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारों को चिन्हित करने का काम कांग्रेस में शुरू हो गया है। अंतरसिंह दरबार के नाम से जाने जानी वाली महू विधानसभा सीट में इस बार समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अंतरसिंह के लगातार तीन चुनावों में पराजय के कारण यह स्थिति बनी है। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक योगेश यादव का योग इस बार महू में जोर मारता दिख रहा है। लगभग दो दशक से जब भी महू सीट के लिए कांग्रेस का पैनल बनता है, योगेश दो या तीन नामों के पैनल में शामिल रहते हैं। लेकिन चुनाव हारने के बावजूद बाजी अंतरसिंह दरबार मार ले जाते हैं। अंतरसिंह के ऊपर प्रदेश में एक वर्ग के ताकतवर नेताओं का हाथ है, जबकि योगेश की गिनती सुरेश पचौरी समर्थकों में होती है। योगेश लंबे समय से प्रदेश में कांग्रेस सेवादल के पर्याय भी बन गए हैं। वे संभवत- ऐसे पहले नेता हैं, जिन्हें दुबारा चुनावी वर्ष में सेवादल की कमान सौंपी गई है। इससे पता चलता है कि वे अन्य नेताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के नजदीक भी आए हैं। कमलनाथ ने तय कर रखा है कि इस बार वे जीतने की क्षमता वाले प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेंगे, ऐसे में अंतरसिंह का पत्ता कट सकता है। सेवादल कोटे से यदि एक भी टिकट मिला तो भी योगेश को मौका मिल सकता है, बशर्ते कि सर्वे में भी उनका नाम आए।

# मप्र-छत्तीसगढ़ में आमने-सामने आती भाजपा व कांग्रेस

**-अरुण पटेल**

वैसे तो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस साल के अन्त में चुनाव होना है इसलिए राजनीतिक दल वहां चुनावी मोड में आ चुके हैं लेकिन इस बीच कर्नाटक के कोलार में 2019 के लोकसभा चुनाव के समय राहुल गांधी द्वारा मोदी सरनेम का उल्लेख किये जाने को लेकर जो मानहानि का मामला गुजरात के सूरत में दर्ज किया गया था और वहां की सीजेएम अदालत द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और वायनाड से लोकसभा सदस्य रहे राहुल गांधी को दो साल की कैद की सजा सुनाते ही इसको लेकर देश के साथ ही खासकर मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गयी है। आनन-फानन में दूसरे ही दिन राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होते ही जहां कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आये तो वहीं कांग्रेस व भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर में तो स्थिति यहां तक पहुंच गयी कि दोनों पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये जबकि भोपाल में एक तीव्र गति ट्रेन को प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रान्त भूरिया की अगुवाई में कुछ समय के लिए रोक दिया गया और कांग्रेस कार्यकर्ता इंजन पर चढ़ गये तथा कुछ पटरियों पर आ गये। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक मशाल जुलूस भी निकाला। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर संघर्ष का ऐलान कर दिया। आने वाले कुछ दिनों में इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता कि कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करती नजर आये।

मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत की सीजेएम कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाने के साथ ही तत्काल उन्हें जमानत भी दे दी और 30 दिन के लिए सजा निलंबित कर दी ताकि राहुल गांधी हाईकोर्ट में अपील कर सकें। भाजपा की रणनीति देशव्यापी स्तर पर राहुल की घेराबंदी करने की है और वह राहुल द्वारा पिछड़े वर्गों का अपमान करने का मुद्दा उछाल कर इस वर्ग में अपनी पकड़ और अधिक मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से अमल करने जा रही है। पिछड़े वर्ग के सांसदों को यह कह दिया गया है कि आप लोग जायें और पिछड़े वर्गों के लोगों को बतायें कि राहुल गांधी ने उन्हें अपमानित किया है। फैसले के 24 घंटे के भीतर ही राहुल गांधी सांसद नहीं रहे और वायनाड की लोकसभा सीट रिक्त होने की सूचना चुनाव आयोग को लोकसभा सचिवालय द्वारा भेज दी गयी है। इस मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक हो गयी है और उसका कहना है कि अडानी मामले से ध्यान भटकाने की यह साजिश है जबकि भाजपा ने सवाल दागा है कि राहुल खुद के लिए विशेषाधिकार क्यों चाहते हैं। राहुल गांधी की प्रतिक्रिया थी कि मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सवाल दागा कि क्या ओबीसी को गाली देना और गरीबों का अपमान करना सच्चाई है। कांग्रेस ने दो मोर्चों पर एक साथ संघर्ष करने का ऐलान किया है जिसके अनुसार वह कानूनी तथा राजनीतिक दोनों मोर्चों पर एक साथ लड़ाइयां लड़ेगी। लोकसभा की सदस्यता समाप्त किये जाने के पहले राहुल गांधी लोकसभा की कार्रवाई में शामिल हुए और संसद परिसर में पार्टी सांसदों की बैठक में भाग लिया। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने की सूचना जारी होते ही राजनीतिक गलियारों में भी अत्याधिक हलचल देखी गयी। समूचे विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के लिए शर्मनाक व खतरनाक बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार को सबसे ज्यादा डर राहुल गांधी व कांग्रेस से लगता है।

भाजपा के दिल्ली स्थिति मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी को सजा उनके अहंकार के कारण मिली है और सदस्यता कांग्रेस पार्टी के भीतर का षडयंत्र है। कांग्रेस में किसने यह सोची समझी साजिश रची पार्टी को इसकी तह में जाना चाहिए कि कौन है जो राहुल गांधी से छुटकारा चाहता था। कांग्रेस के भीतर ही आपस में एक-दूसरे पर संदेह का कोहासा फैले इस दृष्टि से अनुराग ठाकुर ने जो बात कही है वह अपने आप में काफी गंभीर मानी जा सकती है। अनुराग का सवाल था कि कांग्रेस में तो बड़े-बड़े वकील हैं क्या एक भी सही राय देने वाला नहीं था। उनकी ही पार्टी में किसने खेल कर दिया समझ में नहीं आ रहा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को तुरन्त जमानत दिलाने के लिए चार-पांच घंटे में ही वकीलों की टीम पहुंच गयी थी लेकिन राहुल गांधी को 24 घंटे पहले सजा सुनाई गयी थी और कांग्रेस के वकील जानते थे कि दोष सिद्धि के बाद तत्काल सदस्यता जायेगी फिर भी कोई वकील आगे नहीं आया। केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है कि भारत के प्रजातंत्र में कानून से ऊपर कोई नहीं है, एक सार्वजनिक सभा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को गाली दी और जातिसूचक अपशब्द कहे। इस पर जब एक पिछड़े वर्ग के भाई के मन में प्रतिक्रिया हुई तो उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा है कि संविधान के तहत सिर्फ राष्ट्रपति के पास किसी सांसद को अयोग्य ठहराने का अधिकार है जबकि कानूनविद और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी.चिदम्बरम का कहना था कि 23 मार्च को फैसला आया और 24 मार्च को अयोग्यता, जिस गति से व्यवस्था चलती है वह आश्चर्यजनक है।

**एकजुट होता विपक्षः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भले ही सूरत कोर्ट की ओर से सुनाई गई दो साल की सजा के बाद लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने का फैसला लिया गया हो लेकिन राहुल के खिलाफ हुई इस कार्रवाई ने ऐसा लगता है कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट कर दिया है। सभी विपक्षी दलों ने इस कार्रवाई का सिर्फ विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे लोकतंत्र पर खतरा भी बताया है। यहां तक कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राहुल का पक्ष लेते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। ममता बनर्जी ने ट्वीट कर कहा कि पीएम मोदी के नये भारत में विपक्षी दलों के नेता निशाने पर हैं, आपराधिक रिकार्ड वाले भाजपा नेताओं को केबिनेट में शामिल किया जा रहा है तो विपक्षी नेताओं को भाषण देने पर बर्खास्त किया जा रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव का कहना है कि राहुल गांधी की अयोग्यता भारत के लोकतांत्रिक सिद्धान्तों व संवैधानिक मूल्यों पर हमला है, यह नरेन्द्र मोदी के निरंकुश और अहंकारी व्यक्तित्व को दर्शाता है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन का मानना है कि राहुल की अयोग्यता संघ परिवार का लोकतंत्र पर हिंसक हमला है, असहमति को बलपूर्वक दबाना फासीवादी तरीका है। तीखी प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि चोर को चोर कहना अपराध हो गया है, जबकि देश को लूटने वाले बाहर हैं, यह लोकतंत्र की हत्या है और तानाशाही के अन्त की शुरुआत है ।

**और यह भीः** राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि- प्रधानमंत्रीजी, शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को देशद्रोही, मीर जाफर कहा गया। एक मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि राहुल का पिता कौन है ? भरी संसद में आपने पूरे परिवार और कश्मीरी पंडित समाज का अपमान करते हुए पूछा कि वह नेहरु नाम क्यों नहीं रखते, लेकिन आपको संसद से डिस्क्वालीफाई नहीं किया गया। जान लीजिए, हमारी रगों में जो खून दौड़ता है उसकी एक खासियत है....यह सत्तालोभी तानाशाह के सामने कभी न झुका और न झुकेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## दो शस्त्र लायसेंस निलंबित

शिवपुरी - कलेक्टर वीरेंद्र कुमार चौधरी ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर दो शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही शस्त्र अनुज्ञप्ति शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17( 3 ) बी के तहत की गई है। इस संबंध में जारी आदेश में थाना करैरा के ग्राम मछावली निवासी कदम सिंह जाटव पुत्र टुडुआ जाटव का शस्त्र लाइसेंस 149/2011/111/डीएम/एसआईपी तथा थाना तहसील करैरा के वार्ड नंबर-12 निवासी सोनू उर्फ ब्रजमोहन लाक्षाकार पुत्र मोतीलाल लाक्षाकार का शस्त्र लाइसेंस 23/2022/111/डीएम/एसआईपी पर दर्ज शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## अतीक अहमद को ले जा रही वैन गाय से टकराकर पलटने से बची



शिवपुरी - शिवपुरी रविवार को जिले से होकर गुजरे गैंगस्टर अतीक अहमद का काफिला जैसे ही खरई चेकपोस्ट से होकर गुजरा वहां अचानक अतीक अहमद की बैन के सामने एक गाय आकर टकरा गई। जिससे गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गनीमत रही कि बैन पलटने से बच गई। उसके बाद पूरे काफिले को कुछ देर के लिए रोका गया और उसके बाद यह काफिला यूपी के प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। अतीक अहमद का काफिला सुबह सुबह मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा से गुजरा। यहां सुबह करीब 6.30 बजे अतीक अहमद को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बैन से टॉयलेट करने के लिए नीचे उतारा गया।अतीक अहमद को लेकर शिवपुरी का प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। इस दौरान अतीक ने मूंछ पर ताव दिया और पहले कुछ भी कहने से मना दिया। लेकिन, जब उससे दोबारा पूछा गया कि जिस तरह की खबरें चल रही है क्या आपको डर लग रहा है तो उसने जवाब देते हुए कहा कि मुझे कोई डर नहीं लग रहा है। इसके बाद हाथ हिलाते हुए वह बैन की तरफ बढ़ गया। यहां से काफिला झांसी की तरफ रवाना होकर यूपी में प्रवेश कर गया।



## पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने पदभार ग्रहण किया

नर्मदापुरम। आज दोपहर 11बजे नवागत पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली साहब अपना कार्यभार ग्रहण किया। एवं पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

## रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट से निकले दूषित पानी ने ली मवेशीयो की जान

शहडोल। शहडोल जिले में रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट से निकलने वाले दूषित पानी पीने से चार मवेशियों की मौत का मामला सामने आया है। किसान ने फैक्ट्री प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।आपको बता दे मामला जिले के बुढार थाना क्षेत्र के धनगवा का है जहाँ पर पशु पालक लल्लू सिह का आरोप लगाते हुए बताया कि रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के बेल नम्बर 915 से दूषित पानी को बाहर छोड़ दिया जाता है। यहीं जहरीला और केमिकल युक्त पानी पीने से चार मवेशियों की मौत हुई है। किसान लल्लू ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत थाने में की है। वही उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे डॉक्टर और पुलिस की टीम द्वारा जांच की जा रही है

## शिक्षा राज्यमंत्री स्वयं इस्तिफा दें अन्यथा उनको तत्काल बर्खास्त करें मुख्यमंत्री

सीहोर। जिला कांग्रेस महासचिव पंकज शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले दिनों हुए 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा के लगभग सभी पेपर लीक होना सिस्टम की नाकामी को दर्शाता है। ऐसे में शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा पेपर लीक होने की बात से ही इंकार करना उनकी भ्रष्टाचारी मानसिकता को उजागर करता है। जबकि सबको पता है कि कई सौशल मीडिया प्लेट फार्म पर यह पेपर एक दिन पूर्व से लेकर कुछ घण्टे पहले तक ही उपलब्ध हो गये थे तथा पुलिस की एफआईआर में भी इस बात का उल्लेख है। ऐसे में शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा पेपर लीक होने से इंकार करना समझ से परे है तथा उनके अहंकार को दर्शाता है। यदि इंदर सिंह परमार में थोड़ी भी शर्म बाकि है तो उनको तत्काल अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिये अन्यथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को तत्काल ऐसे असंवेदनशील मंत्री को अपने मंत्री मंडल से बर्खास्त करना चाहिये एवं छात्रहित में 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को जनरल प्रमोशन देना चाहिये ताकि उनका भविष्य बर्वाद होने से बच सके।

# भाजपा सरकार से डरने नहीं एकजुट होकरलड़ने की जरूरत : संजय शर्मा

### राहुल की सदस्यता खत्म करने के विरोध में पिपरिया में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, 5 अप्रैल को बनखेड़ी में आयोजित कमलनाथ की सभा को सफल बनाने की अपील





**नर्मदापुरम/ पिपरिया।** 5 अप्रैल को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश .अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी में आयोजित सभा एवं कांग्रेस के युवराज परम राहुल गांधी की संसद की सदस्यता खत्म करने के संबंध में पिपरिया के पुरबिया भवन में कल नर्मदापुरम जिले के कांग्रेस के प्रभारी एवं तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्यि तथा कांग्रेश के जिला प्रभारी पुष्पराज पटेल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक के बाद राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर सभी कांग्रेसी नेता आर एन ए स्कूल के पास स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर गए एवं वहां भाजपा एवं मोदी की तानाशाह सरकार के खिलाफ नारेबाजी की इससे पहले बैठक में कमलनाथ की सभा को सफल बनाने के लिए तहसील स्तर तक प्रमुख लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है वही कांग्रेश के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्य तुरंत बहाल करने की मांग नर्मदापुरम जिले के प्रभारी श्री शर्मा ने की उन्होंने कहा कि आज देश में केंद्र एवं राज्य सरकार डर का माहौल पैदा कर रही हैं लेकिन हम कांग्रेसी करने वाले नहीं हैं हमारी पार्टी अंग्रेजों अंग्रेजों से लड़ाई और उन्हें देश से भागने को मजबूर कर दिया तो केंद्र की वर्तमान सरकार और प्रदेश की राज्य सरकार से भी जमकर हर मोर्चे पर लड़ेंगे और हर तानाशाही रवैया का अहिंसात्मक तरीके से जवाब देंगे उन्होंने कहा कि अब हर कांग्रेसी को एकजुट होकर वर्तमान सरकारों से लड़ने की जरूरत है बैठक में पूर्व विधायक अर्जुन पलिया, सविता दीवान शर्मा, शैलेन्द्र दीवान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर पटेल जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर, दौलत राम पटेल, श्रीमती गीता हीरालाल राठोरिया, हेमंत नरवरिया, नर्मदापुरम जिले के संगठन प्रभारी मधुसूदन यादव, मेहरबान सिंह पटेल, रणवीर पटेल, सतपाल पलिया अजय कटकवार, संतोष मालवीय, शरद चौधरी, रमेश पटेल, हेमू कश्यप, रामबाबू पटेल, रमेश बामने, मनोज बामने, नीरज चौधरी, महेंद्र पटेल, मुकेश पटेल, आलोक जायसवाल, दिलीप पालीवाल, मुन्ना भैया चौधरी, नंदराम पटेल, राजेश पटेल, छगन पटेल, कमोद पटेल, सीमा कटकवार समेत जिले के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए एवं कमलनाथ की 5 अप्रैल की सभा को सफल बनाने का संकल्प लिया

## संकल्प सत्याग्रह के जरिये कांग्रेस ने दिखाया आक्रोश

छतरपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस के आह्वान एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी के आदेशानुसार जिला काँग्रेस अध्यक्ष श्री लखन लाल पटेल जी के नेतृत्व में संकल्प सत्याग्रह किया गया इस आशय की जानकारी जिला काँग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि जिस प्रकार से मानहानि के छोटे से मुकदमे में षणयंत्र पूर्ण

ढंग से अधिकतम सजा कराई गई और फिर उडनपरी की रफ़्तार से 24 घंटे के अंदर काँग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री राहुल गाँधी जी की संसद सदस्यता समाप्त की गई यह सरासर लोकतंत्र की षड्यंत्र पूर्ण हत्या है आखिर राहुल गाँधी जी लगातार भाजपा मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं महा घोटालों को लगातार उठाते आ रहें एवं राहुल गाँधी जी की भारत जोडों यात्रा में देश में मिले अपार जनसमर्थन से मोदी सरकार डर गयी है जिसके फलस्वरूप इस डरी हुई मोदी सरकार ने षणयंत्र पूर्ण ढंग से राहुल गाँधी जी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी काँग्रेस पार्टी देश भर में जबतक राहुल गाँधी जी की संसद सदस्यता बहाल नही हो जाती तबतक यह लडाई जिला से ब्लॉक, गांव और गली गली तक लडती रहेगी काँग्रेस का कार्यकर्ता इन फासिस्ट ताकतों के सामने ना कभी झुका है और ना कभी झुकेगा बल्कि इस लड़ाई को जहाँ तक लडना होगा लडेगें और जीतेंगे आज के सत्याग्रह में जिला काँग्रेस कार्यालय राजीव भवन से विशाल जुलूस के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता छत्रसाल चौराहे पर पहुँचे और वहाँ पर नारेबाजी करते हुए गाँधी आश्रम पहुँचे जहाँ पर संकल्प सत्याग्रह किया गया जिसमें क्षेत्रीय सदर विधायक श्री आलोक चतुर्वेदी जी, पूर्व विधायक श्री शंकर प्रताप सिंह बुन्देला जी,महाराजपुर विधायक श्री नीरज दीक्षित जी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती कविता राजे जी, पूर्व विधानसभा बडामलहरा प्रत्याशी सुश्री राम सिया भारती जी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री हर प्रसाद अनुरागी जी, संगठन मंत्री सूर्य प्रताप सिंह बुन्देला, कार्यालय प्रभारी सरमन लाल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वकर्मा, नौगाँव नगरपालिका उपाध्यक्ष दौलत तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अनीस खान, गगन यादव, कैलाश कुशवाहा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष स्मिता खरे, शिवानी चौरसिया, महिला सेवादल अध्यक्ष दीप्ति पांडे जी,धीरज मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पन्ना के सह प्रभारी प्रवीण खरे, समन्वय समिति के सदस्य वल्देव पटैरिया, एन एस यूआई अध्यक्ष राज वर्धन मिश्रा,यंग सेवा दल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, , पुष्पेंद्र अहिरवार, अभिलाषा रविशंकर अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार चौहान, संजय दुबे, हर्षेन्द सिंह, संजय चौरसिया, अभिलेख खरे, विवेक गोपाल अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुशवाहा, संदीप पटेल, के के पटेल, अहिरवार आदि ने सत्याग्रह किया इसके उपरांत गाँधी आश्रम से लोटते हुए सभी ने छत्रसाल चौराहे पर जमीन पर बैठकर जमकर नारेबाजी की एवं नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने के प्यास में पुलिस से झूमा झटकी होती रही इसीबीच पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग कर भीड़ को तितर वितर करने की कोशिश की जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ साथ सभी लोग पानी से नहा गए हमारे नेताओं ने एक स्वर होकर लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की इस लड़ाई को लडने के लिए आखिरी दम तक लडने की बात की !

## संगम सेवालय ट्री एम्बुलेंस ने की पौधों की देखभाल



छतरपुर। आज सुबह संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस के द्वारा न्यू कॉलोनी मे अपने द्वारा बनाये गए संगम पार्क में पौधों की देखभाल की पहले पौधों के चारो ओर की खरपतवार हटाई गई फिर पौधों के चारों ओर गुड़ाई की गई और उनमें पानी डाला गया संगम सेवालय के सदस्य देवकीनंदन साहू जी ने बताया कि इस पार्क में हमने 55 पौधे बरसात के समय रोपे थे जिनकी निरन्तर देखभाल के कारण सभी पौधे जीवित है हमारी टीम का उद्देश्य शहर को हरा भरा करना है आज विपिन अवस्थी, अंजू अवस्थी, सुनीता पथोरिया,हरेंद्र सिंह चंदेल,शिवम तिवारी, दिल्लराम अहिरवार, देवेन्द्र सेन,यादवजी,रागी अवस्थी, समर्थ सेन,देवकीनंदन साहू,प्रमोद रैकवार, जीतेन्द्र शर्मा,गौतम उपस्थित रहे,पौधसेवा के बाद सभी सदस्यों ने समाजसेवी जुगल गुप्ता की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनिट का मौन रखा ओर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

## कांग्रेस ने किया काली पटटीबांध कर विरोध

सीहोर। जिला कांग्रेस ने डरोमत केंपियन जिले में शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ बलवीर तोमर के निर्देशानुसार पूरे जिले के ब्लाकों में डरोमत के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी श्रेणी में रविवार को तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में महत्मागांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कालीपटटी बांधकर हाथों में राहुल गांधी के फोटो एवं लोकतंत्र का कालादिवस वाली तख्तियां लेकर मौन धारण किया। जिस के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते हुए तहसील चौराहा पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन के उपरांत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूकमणी रोहिला ने कहा की शासन तानाशाह हो गया है जिस को चाह जेल में डाल दिया जिस का चाह मर्डर कर दो,मोदी जी ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई है कांग्रेस यह सहन नही करेगी। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह दांगी ने कहा लोकतंत्र की हत्या की जा रहा है लोगों को महंगाई से राहत नहीं दी जा रही है। हिन्दूस्तान में तानाशाह कानून चल रहा है इस शासन में कोई सुरक्षित नही है। इस का उदाहरण ही है की हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की सदस्यता ही समाप्त कर दी है। जिलाध्यक्ष श्री दांगी ने कहा की अटल सरकार के शासनकाल में भी विपक्ष को सम्मान दिया जाता था लेकिन अब केवल तानाशाही का रवैया अपनाया जा रहा है कांग्रेस इस का पुरजौर विरोध करेगी। युवा कांग्रेस नेता निशांत वर्मा ने कहा की केंद्र सरकार कांग्रेस से डर गई है जिस कारण कांग्रेस के बड़े नेताओं के खिलाफ कार्रवाही की जा रही है कांगेस कार्यकर्ता डरते नही है हम देश के लिए लोकतंत्र के लिए लड़ते रहेंगे। प्रदर्शन में प्रीतम दयाल चौरसिया,रमेश गुप्ता,मुननवर मामू, हरीश आर्य,विनोद राठौर, संतोष सिंह, विवेक राठौर, कपिल उपाध्याय, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राठौर, रामभरोश शर्मा, धीरेंद्र ठाकुर, ताराचंद्र यादव, राज कौशल, कमलेश चांडक, अजय रेकवार, आशीष रोहिला, अशरफ अली, सुमित नर्रे, सददम उर्रेहमान, नयाब नबाव, ओम सोनी सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण वरिष्ट कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## लाडली बहना योजना शिविर में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

शहडोल - कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने आज जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत कंचनपुर, उधिया, लालपुर, जमुई एवं गोरतरा सहित अन्य विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 25 मार्च से जिले में अभियान चलाकर लाडली बहनों का फॉर्म भरा या जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को बताया गया कि ग्राम पंचायत उधिया में ऑनलाइन लगभग 35, कंचनपुर में 13, लालपुर में 10, जमुई में 15 तथा गोरतरा में 35 फार्म भरे जा चुके हैं तथा सतत फॉर्म भरे जा रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिविर में आने वाली बहनों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लाडली बहनों का फॉर्म, ईकेवाईसी बड़ी ही सावधानी पूर्वक करें, जिससे कि उनके फॉर्म में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो।

इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाडली बहना योजना बहनों का मान सम्मान बढ़ाने का अवसर है। सभी का फॉर्म निष्ठा पूर्वक जवाबदेही के साथ भरें। शिविर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई अधिकारी एवं कर्मचारी कोताही करेगा उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में आए हुए महिलाओं से संवाद भी किया तथा लाडली बहना योजना में पात्रता तथा पात्रता की भी बहनों को जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा, ग्राम पंचायत पटवारी सचिव एवं रोजगार सहायक सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## अमृतसर में आयोजित जी20 कार्यक्रम में शामिल हुए मप्र के राज्य प्रवासी श्रमिक आयोग के अध्यक्ष उईके

बरेली। भारत की जी-20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में अमृतसर मे एल-20 यानि श्रम-20 सहभागित समूह की बैठक हुई। इसमें जी-20 देशों और संस्थाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करने की दिशा देने के लिए दुनियाभर के कर्मियों से संबंधित मुद्दों पर विचार किया गया एल-20 की प्रारंभिक बैठक में 20 देशों के मजदूर संघों के नेता और श्रम संबंधी अध्ययन के विशेषज्ञ भाग लिया।

## रतलाम प्रेस क्लब द्वारा वर्ष 2022 के लिए श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित, आखिरी तारीख 31

रतलाम। रतलाम प्रेस क्लब द्वारा वर्ष 2022 के लिए श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए रतलाम प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट से प्रविष्टियां आमंत्रित हैं। प्रविष्टियां जमा कराने की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2023 नियत है।

रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी एवं सचिव यश शर्मा 'बंटी' ने बताया संस्था द्वारा 4 श्रेणियों (प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया एवं फोटोग्राफी) में कुल 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी श्रेणियों में तीन ङ्क तीन एवं फोटोग्राफी के लिए एक पुरस्कार रहेगा। ये पुरस्कार संस्था के दिवंगत सदस्यों के नाम पर होंगे। प्रत्येक पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए नकद, प्रशस्ति-पत्र एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। इसके लिए सामाजिक सरोकार से जुड़ी श्रेष्ठ खबर व फोटोग्राफ का चयन प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा किया जाएगा। स्पर्धा में सिर्फ रतलाम प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार और फोटो जर्नलिस्ट ही शामिल हो सकेंगे।

स्पर्धा के लिए पत्रकारों को दिनांक 1 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 के दौरान प्रकाशित अपनी श्रेष्ठ खबर एवं फोटो जर्नलिस्ट को अपने श्रेष्ठ फोटोग्राफ्स निर्धारित फॉर्मेट के साथ बंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगी। प्रविष्टियां 31 मार्च, 2023 को शाम 5.00 बजे तक ही स्वीकार की जाएंगी।

### प्रविष्टि के बारे में इनसे करें संपर्क

पदाधिकारीद्वय ने बताया प्रविष्टियां श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार समन्वय समिति प्रभारी नीरज कुमार शुक्ला , सदस्य हेमंत भट्ट एवं नीरज बरमेचा के पास जमा कराई जा सकती हैं। इसके अलावा रतलाम प्रेस क्लब भवन पर भी प्रस्तुत कर सकते हैं। पुरस्कार संबंधी जानकारी के लिए समन्वय समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

### ऐसे प्रस्तुत करें प्रविष्टि

प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों को प्रत्येक प्रविष्टि (अधिकतम तीन) में समाचार पत्र में प्रकाशित अपनी सामाजिक सरोकार से जुड़ी श्रेष्ठ खबर तीन प्रतियों में प्रस्तुत करना होगी।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों चैनल पर प्रसारित खबर सीडी में उपलब्ध कराना होगी। डिजिटल मीडिया यानी पोर्टल के पत्रकारों को अपने या अन्य पोर्टल पर प्रकाशित अपनी श्रेष्ठ खबर की पीडीएफ प्रस्तुत करना होगी। फोटो जर्नलिस्ट को प्रविष्ट के रूप में समाचार-पत्र में प्रकाशित अपना सामाजिक सरोकार से जुड़ा श्रेष्ठ फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा। पुरस्कार की श्रेणी एवं नाम प्रिंट मीडिया के सदस्यों के लिए स्व. प्रकाश उपाध्याय स्मृति पुरस्कार, स्व. सुरेश पंड्या स्मृति पुरस्कार, स्व. सुशील नाहर स्मृति पुरस्कार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यों के लिए स्व. रमेश ललवानी स्मृति पुरस्कार, स्व. गोपाल सिंह कुशवाह स्मृति पुरस्कार, स्व. प्रकाश खंडेलवाल स्मृति पुरस्कार, डिजिटल मीडिया (पोर्टल) के सदस्यों के लिए, स्व. रमाकांत शुक्ला स्मृति पुरस्कार, स्व. चांद शर्मा स्मृति पुरस्कार, स्व. अशोक डोसी स्मृति पुरस्कार फोटोग्राफी के लिए... स्व. गजानन शर्मा 'मायडियर' स्मृति पुरस्कार

## पुर्णाहुति के साथ गूंजे वेदमंत्र, भक्तिभाव से बिराजीं प्रतिमाएं

### शिव परिवार, दद्दाजी एवं छोटी जिज्जी की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ धार्मिक विधान का समापन

छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में असंख्य शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विराम हो गया। तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ शिव परिवार, गृहस्थ संत दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री एवं छोटी जिज्जी की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन अवसर पर छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

रविवार को सुबह से आचार्यों के मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव, पार्वतीजी, श्रीगणेश, कार्तिकेय की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन के मध्य माता सरस्वती, गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री एवं गुरूमाता छोटी जिज्जी की प्रतिमाओं को भक्तिभाव के साथ विराजित किया गया। समूचे प्रांगण में भगवान भोलेनाथ और गृहस्थ संत के जयकारे गुंजायमान होते रहे। इस आयोजन के समापन अवसर पर व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर अशोक दीक्षित ने बेहद भावुक मन से साकेवासी गृहस्थ संत श्री शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद ही आज हमारे परिवार पर दया और कृपा बनकर फलीभूत हो रहा है। महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित ने कहा कि पूज्य दद्दाजी के आशीर्वाद से ही समाजसेवा का अवसर मिला है। कार्यक्रम का संचालन सरिता मिश्रा ने किया। अंत में इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जे. सोनी ने गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री, आचार्यो और सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया।

### दोस्ती करना है तो सिर्फ प्रभु से करो : अनिल शास्त्री

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन अवसर पर गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने पुनः स्वभाव और भाव पर केंद्रित अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि दोस्ती करना है तो सिर्फ प्रभु से करो। इनसे डरने की जरूरत नहीं है बल्कि हमें उनसे दोस्ती करने की आवश्यकता है क्योंकि जितनी जरूरत हमें उनकी है तो उतनी ही जरूरत उन्हें हमारी भी है। यदि हम जैसे दीन न होते तो जीवन भर वे मुरलिया अकेले बजाते मगर मुरलीनाथ न बन पाते। याद रखें दोस्ती में पर्दा नहीं होता। पर्दा तो रिश्तेदारी में मर्यादा का होता है। इसलिए अपने जीवन को धन्य बनाना है तो प्रभु से यारी कर अपने सभी दुख उन्हें सुनाओ और स्वभाव को सरल बनाकर भाव से परिपूर्ण होकर भक्ति में तल्लीन रहो।

### भक्तिगीतों पर थिरके भावी इंजीनियर

असंख्य शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया।



भक्तिगीतों पर बच्चों के साथ महाराजपुर क्षेत्र के युवा विधायक नीरज दीक्षित भी थिरकने को मजबूर हो गए। उन्होंने श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत गीत पर बच्चों और अपने परिवार के साथ नृत्य किया तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु भी उत्साह से तालियां बजाने लगे। इस अवसर पर संस्थान की सचिव श्रीमती सरोज जैन ने कहा कि तीन दिनी यह धार्मिक अवसर पर हमारा संस्थान धन्य हो गया। ऐसे आयोजन हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# अडानी और हिंडनबर्ग की लड़ाई में सरकार ने नहीं दिया दखल, बोले पीएम के आर्थिक सलाहकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी और हिंडनबर्ग की चल रही लड़ाई में अबतक भारत सरकार या प्रधानमंत्री मोदी ने कोई दखल नहीं दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने ये बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी शॉर्ट सेलर के साथ अडानी की लड़ाई में कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। आपको बता दें, जब से हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई है तब से कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अडानी को बचाने का काम कर रहे हैं जिस पर उनके सलाहकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सान्याल यहीं नहीं रुके उन्होंने बताया कि सरकार ने अभी तक दोनों के बीच विवाद में कभी भी हस्तक्षेप नहीं किया है। क्योंकि हमारे सिस्टम में किसी को भी बचाने का कोई नियम नहीं है। बता दें अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से अडानी ग्रुप को काफी नुकसान हुआ है। उनकी दौलत आधी से भी कम हो गई है।



इंटरव्यू में सान्याल ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई और देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी किसी भी फाइनेंशियल स्ट्रेस में नहीं हैं। उनको हिंडनबर्ग की रिपोर्ट कोई खतरा नहीं है क्योंकि इन कंपनियों में अडानी का एक्सपोज़र काफी है।

आपको बता दें, 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप पर हेरफेर और धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, जिसके बाद कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी, जिसके बाद गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग के आरोपों को गलत ठहराया।

### सिलिकॉन वैली के डूबने पर बोले सान्याल

इंटरव्यू में सान्याल ने कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने से इंडिया के स्टार्टअप्स पर डायरेक्ट कोई असर नहीं पड़ेगा। हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि मार्केट में ट्रांसपरेंसी और लिक्विडिटी मेंटेन रहे। इसमें हमें दखल देने की जरूरत नहीं है।

## रेलवे ने कोच नहीं, वंदे भारत की सीट, अंदरूनी पैनल का ऑर्डर दिया है- टाटा स्टील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'वंदे भारत ट्रेन के लिए टाटा स्टील दिए गए ऑर्डर के संबंध में कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेन की सीटों और अंदरूनी पैनलों का ऑर्डर दिया है। यह उसके कोच या डिब्बों के विनिर्माण का ऑर्डर नहीं है। टाटा स्टील के प्रौद्योगिकी और नई सामग्री कारोबार विभाग के उपाध्यक्ष देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा, टाटा स्टील 225 करोड़ रुपए के ऑर्डर के तहत वंदे भारत रेल के 23 डिब्बों के लिए हल्की सीटें और 16 डिब्बों के लिए फाइबर से लैस पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित अंदरूनी पैनल की आपूर्ति करेगी। कुछ मीडिया संस्थानों ने खबर चलाई थी कि टाटा स्टील को वंदे भारत रेल के डिब्बे बनाने का ऑर्डर मिला है, जो कि 'गलत और निराधार है। हमें डिब्बों के विनिर्माण का ऑर्डर नहीं मिला है। उन्होंने कहा, टाटा स्टील को ठेके की पूरी प्रक्रिया से गुजरने के बाद यह ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर 225 करोड़ रुपए का था।




## अनिल अंबानी की इस दिवालिया कंपनी में फंसे हैं बैंकों के 24,000 करोड़, हिंदूजा ने बढ़ा दी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंबानी की दिवालिया हो चुकी कंपनी रिलायंस कैपिटल में बैंकों का 24,000 करोड़ रुपये फंसा हुआ है। लेकिन फिलहाल उनकी मुश्किलें सुलझने का नाम नहीं ले रही हैं। हिंदूजा ग्रुप ने दिसंबर में अपनी बोली बढ़ाकर 9,000 करोड़ रुपये कर दी थी। लेकिन अब वह इससे मुकर गया है। उसने बैंकों से कहा है कि वह इतना बड़ा ऑफर नहीं दे पाएगा। पहली नीलामी में टॉरेंट ने सबसे बड़ी बोली लगाई थी। टॉरेंट ने 8,640 करोड़ रुपये और हिंदूजा ने 8,110 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। इसके बाद हिंदूजा ने अपनी बोली बढ़ाकर 9,000 करोड़ रुपये कर दी थी। इससे दूसरे दौर की नीलामी की बात हुई। इसे टॉरेंट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने अभी इस पर फैसला नहीं सुनाया है।



बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस कैपिटल के कुछ लेंडर्स की टॉरेंट ग्रुप और हिंदूजा ग्रुप के साथ शुक्रवार को मीटिंग हुई। इसमें हिंदूजा ने कहा कि उसकी 8,110 करोड़ रुपये की मूल बोली को ही माना जाना चाहिए। हिंदूजा ने चैलेंज मैकेनिज्म की तहत अपनी बोली बढ़ाई थी। इससे बैंकों को इंटरेस्ट कॉस्ट के रूप में भारी नुकसान हो सकता है। हाल में पेश बजट में पांच लाख रुपये से अधिक के इंश्योरेंस प्रॉडक्ट्स पर टैक्स लगाया गया है। इससे रिलायंस कैपिटल की वैल्यूएशन और गिर गई है। रिलायंस कैपिटल की रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस में 51 फीसदी और रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में 100 फीसदी हिस्सेदारी है।

## मस्क, बेजोस और गेट्स मिलकर भी नहीं कमा सके, जितना गौतम अडानी ने गंवा दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी इस साल सबसे ज्यादा दौलत गंवाने के मामले में पहले नंबर पर है। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने से पहले वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर थे लेकिन अब 21वें नंबर पर खिसक गए हैं। अडानी ग्रुप के शेयरों में लगातार एक महीने से भी अधिक समय तक गिरावट रही और इस कारण गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 35वें नंबर तक भी चले गए थे। इस साल उनकी नेटवर्थ में 60.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अभी उनकी नेटवर्थ 59.8 अरब डॉलर रह गई है। अडानी ने इस साल जितनी नेटवर्थ गंवाई है वह एलन मस्क , जेफ बेजोस और बिल गेट्स की इस साल की कुल कमाई से ज्यादा है। सबसे ज्यादा दौलत कमाने के मामले में मस्क नंबर वन हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 38.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। वह 176 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। बेजोस की नेटवर्थ 14.5 अरब डॉलर बढ़ी है और वह 121 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के तीसरे बड़े रईस हैं। गेट्स ने इस साल 7.03 अरब डॉलर की कमाई की है और वह 116 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं।



## कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं के निर्यात पर मिलेगा आरओडीटीईपी का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने साड़ी और लुंगी समेत कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं का व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से इनको भी निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) के अंतर्गत लाभ देने का निर्णय लिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि शुल्क वापसी योजना- आरओडीटीईपी के अंतर्गत लाभ 23 मार्च से होने वाले निर्यात पर दिया जाएगा।



आरओडीटीईपी के अंतर्गत, उत्पादन में काम आने वाले उत्पादों समेत अन्य पर लगाए गए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न शुल्क, कर और उपकर निर्यातकों को वापस कर दिए जाएंगे। इसके अनुसार, आरओडीटीईपी के अंतर्गत 28 मार्च, 2023 से निर्यात के अंतर्गत 18 उत्पाद जोड़े जा रहे हैं।

# इस क्षेत्र से मेरा नाता प्यार का, परिवार का, मिट्टी का और पीढ़ियों का है: महा आर्यमन सिंधिया

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने टूर्नामेंट के लिये आकाश सिंह राजपूत को दिया विश्व रिकार्ड खिताब

**भोपाल।** क्रिकेट सिर्फ शहरों के लिये नहीं बल्कि गांव के लिये भी है, जहां से एक से एक होनहार खिलाड़ी आ रहे हैं और इस सुरखी विधानसभा क्षेत्र में राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं आकाश सिंह राजपूत द्वारा इन खिलाड़ियों को मंच दिया जा रहा है जो भविष्य में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। यह बात केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र एवं क्रिकेट एसोसिएशन ग्वालियर डिवीजन के उपाध्यक्ष एवं मेंबर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन महा आर्यमन सिंधिया ने क्रिकेट महाकुंभ के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से मेरा नाता प्यार का, परिवार का, मिट्टी का और पीढ़ियों का है। महा आर्यमन सिंधिया का जगह जगह बुंदेली परंपरा से भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि विगत तीन माह से सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ का फाईनल मुकाबला राहतगढ़ के सरदार बल्लभ भाई पटैल स्टेडियम में संपन्न हुआ जिसमें केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र एवं क्रिकेट एसोसिएशन ग्वालियर डिवीजन उपाध्यक्ष एवं मेंबर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन महा आर्यमन सिंधिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस फाईनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी फ्रेंड्स क्लब राहतगढ़ ने की जिसने 94 रन का लक्ष्य रखा लेकिन मित्रता क्लब सुरखी 87 रन ही बनाकर ऑल आऊट हो गई जिसके बाद क्रिकेट महाकुंभ की विजेता टीम फ्रेंड्स क्लब राहतगढ़ रही जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच जागृत रहे।



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड लंदन की टीम ने दिया खिताब ः

मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड लंदन की टीम ने महामुकाबले में शामिल होकर आकाश सिंह राजपूत को विश्व का सबसे बड़ा टूर्नामेंट कराने का विश्व रिकार्ड का खिताब दिया। इस टूर्नामेंट में 609 टीमें तथा 10000 से अधिक खिलाड़ी तथा समिति के सदस्य रहे जिसका विश्व रिकार्ड सुरखीवासियों के नाम रहा। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में यह विश्व का सबसे बड़ा टूर्नामेंट के नाम से दर्ज हो चुका है, जिसका खिताब टीम द्वारा मंच से आकाश सिंह राजपूत को महा आर्यमन सिंधिया, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत की मौजूदगी में प्रदान किया गया।

खिलाड़ियों को रोजगार दिलाने कम्पनियों से बात करूंगा ः

इस अवसर पर महा आर्यमन सिंधिया ने कहा कि खिलाड़ियों के लिये रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक कंपनियों से बात की है ताकि खिलाड़ियों के लिये रोजगार के अवसर मिल सकें। महा आर्यमन सिंधिया ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा आकाश सिंह राजपूत को बधाई देते हुये कहा कि आप लोग गांव की प्रतिभा के लिये मंच दे रहे हैं जिस तरह एक जौहरी हीरे के लिये परखता है, उसी तरह आप लोग इस प्रकार के आयोजन करके अपने क्षेत्र के खिलाड़ी रूपी हीरों को मंच प्रदान कर रहे हैं। जो आपका तथा आपके क्षेत्र का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे।

विजेता उप विजेता का किया पुरस्कृत ः

मंच पर महा आर्यमन सिंधिया, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत तथा भाजपा वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विजेता टीम रही फ्रेंड्स क्लब राहतगढ़ को 1 लाख 51 हजार की राशि से पुरस्कृत किया गया। उपविजेता टीम को शील्ड तथा 75 हजार रूपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। बेस्ट बॉलर अवधेश को 11 हजार, बेस्ट बेट्समैन नितिन महाराज को 11 हजार तथा मैन ऑफ द सीरेज शिवकांत गर्ग को 25 हजार रूपये से पुरस्कृत किया गया।

# इनकम टैक्स और एमसीए डेटा से पकड़ी जाएगी जीएसटी चोरी, टैक्स चोरी को लेकर सख्त विभाग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टैक्स चोरी करने वालों को लेकर जीएसटी विभाग सख्त रवैया अपना रहा है। टैक्स चोरी करने वाले लोगों को पकड़ने के लिए विभाग अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से दिए गए डेटा और मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के डेटा से मैच करेगा। जिन एलएलपी और कंपनियों का संचालन एमसीए करती है उनकी कंपनियों की जानकारी जीएसटी विभाग के साथ शेयर की जाएगी। बता दें कि करीब 1.3 करोड़ बिजनेस और सर्विस प्रोवाइडर्स जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हैं। कोरोना महामारी के बाद इकॉनमी में सुधार देखने को मिला है, जिसके बाद बीते 12 महीनों में जीएसटी के तहत होने वाला मंथली टैक्स कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईटीआर फाइल करने वालों का डेटा जीएसटी विभाग मैच करेगा और इसके बाद एमसीए द्वारा संचालित कंपनियां और एलएलपी के जीएसटी रिटर्न के साथ भी फाइनेंशियल डिटेल्स भी मिलाई जाएंगी। बता दें कि ऐसा करने के पीछे का कारण उन लोगों को पकड़ना है जो जीएसटी न चुका कर टैक्स चोरी करते हैं। इसके अलावा, वो लोग भी पकड़े जाएंगे जो लोग अलग-अलग रेगुलेटर्स को अलग जानकारियां देते हैं। जिन लोगों को गलत रिटर्न फाइल करने का नोटिस मिलता है तो उन्हें इसका जबाव देना होगा।

खबरों के मुताबिक, जीएसटी विभाग टैक्स डिफॉल्टर्स को पकड़ने के लिए डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रहा है। इसके साथ ही विभाग रजिस्ट्रेशन एप्लिकेशन की जांच भी बारीकी से कर रहा है। अगर कोई नया बिजनेस शुरू कर रहा है तो विभाग रजिस्ट्रेशन के लिए ज्यादा जानकारी मांग रहा है। टैक्सचोरों पर लगाम लगाने के लिए सरकार अलग-अलग टैक्स और रेगुलेटरी डेटाबेस के जरिए करदाताओं का पूरा प्रोफाइल बना रही है ताकि अगर कोई टैक्स चोरी करता है तो वो पकड़ी जा सके। जीएसटी विभाग ने कर चोरी के कई मामले पकड़े हैं और साथ ही उनके खिलाफ एक्शन भी लिया है।

## सरकार ने पान मसाला, तंबाकू पर अधिकतम जीएसटी उपकर की सीमा तय की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजा उपकर की अधिकतम दर की सीमा तय कर दी है। इसके साथ ही सरकार ने उच्चतम दर को खुदरा बिक्री मूल्य से भी जोड़ दिया है। उपकर की दर की सीमा गत शुक्रवार को लोकसभा में पारित वित्त विधेयक, 2023 में संशोधनों के तहत लाई गई है। ये संशोधन एक अप्रैल, 2023 से लागू होंगे। संशोधन के मुताबिक, पान मसाला के लिए जीएसटी मुआवजा का अधिकतम उपकर प्रति इकाई खुदरा मूल्य का 51 प्रतिशत होगा। मौजूदा व्यवस्था के तहत उपकर उत्पाद के मूल्यानुसार 135 प्रतिशत पर लगाया जाता है। तंबाकू पर दर 4,170 रुपए प्रति हजार स्टिक के साथ मूल्यानुसार 290 प्रतिशत या प्रति इकाई खुदरा मूल्य के 100 प्रतिशत तय की गई है। अभी तक सबसे ऊंची दर 4,170 रुपए प्रति हजार स्टिक के साथ मूल्यानुसार 290 प्रतिशत है। यह उपकर जीएसटी की सबसे ऊंची 28 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाता है। हालांकि, कर विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव के बाद लागू होने वाले मुआवजा उपकर के लिए आकलन के लिए जीएसटी परिषद को अधिसूचना जारी करने की जरूरत होगी।




# देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए मूल्य सीमा तय करने पर विचार करेगा मंत्रिमंडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के मूल्य की सीमा तय करने पर विचार करेगा। इस कदम का मकसद सीएनजी से लेकर उर्वरक कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत को कम करना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार एक साल में दो बार स्थानीय रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमतें तय करती है- जिसे वाहनों में उपयोग के लिए सीएनजी में और रसोई में इस्तेमाल के लिए पाइप वाली गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। इसके अलावा गैस का इस्तेमाल बिजली और उर्वरक उत्पादन में भी होता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस के भुगतान के लिए दो फॉर्मूला हैं। इनमें एक ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) जैसी राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनियों के पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए भुगतान का फॉर्मूला और दूसरा गहरे समुद्र के नए क्षेत्रों से उत्पादित गैस के भुगतान का फॉर्मूला है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में उछाल ने स्थानीय रूप से उत्पादित गैस की दरों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया है। विरासत वाले या पुराने क्षेत्रों से गैस के लिए 8.57 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) और कठिन क्षेत्रों से गैस के लिए 12.46 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की दर तय है। इन दरों में एक अप्रैल को संशोधन होना है। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि मौजूदा फॉर्मूले के अनुसार, पुराने क्षेत्रों से गैस की कीमतें बढ़कर 10.7 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक पहुंच सकती हैं। मुश्किल क्षेत्र की गैस के दाम में मामूली बदलाव होगा। गैस कीमतों में पिछले संशोधन के बाद सीएनजी और पीएनजी के दाम 70 प्रतिशत तक चढ़ चुके हैं। यदि एक अप्रैल से दरों में संशोधन होता है तो इसमें और बढ़ोतरी होगी।



सूत्रों ने कहा कि सरकार ने पिछले साल किरीट पारिख की अध्यक्षता में गैस की कीमतों में संशोधन पर एक समिति गठित की थी जो स्थानीय उपभोक्ता और उत्पादक दोनों हितों को संतुलित करती है और साथ ही देश को गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने के उद्देश्य को आगे बढ़ाती है। समिति ने अपनी सिफारिशों में पुराने क्षेत्रों से निश्चित अवधि के लिए गैस के दाम में बदलाव मौजूदा ब्रेंट कच्चे तेल के दाम का 10 प्रतिशत करने को कहा है। अभी तक यह गैस अधिशेष वाले देशों की कीमतों के आधार पर किया जाता था। सूत्रों ने कहा कि हालांकि यह चार डॉलर प्रति इकाई के न्यूनतम मूल्य और 6.50 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की सीमा के तहत होगा। मौजूदा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 75 डॉलर प्रति बैरल है। ऐसे में गैस की कीमत 7.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू होनी चाहिए लेकिन सीमा के कारण ईंधन की कीमत केवल 6.5 डॉलर होगी। समिति ने कठिन क्षेत्रों के लिए फॉर्मूला में कोई बदलाव नहीं करने का सुझाव दिया है।

# बेमौसम बारिश से एसी का बाजार 'ठंडा पड़ा, अप्रैल से बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेमौसम बारिश से घरों में इस्तेमाल होने वाले एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में गिरावट आई है। इस साल फरवरी मध्य में ही तापमान बढ़ने के बाद एसी की बिक्री में उछाल आना शुरू हो गया था। अब 15 मार्च के बाद एसी की बिक्री प्रभावित हुई है। हालांकि एसी विनिर्माता इसे अल्पकालिक ही मानते हैं और उन्हें उम्मीद है कि अप्रैल में लू शुरू होने के बाद एसी की बिक्री में आई गिरावट खत्म होगी और वह अपने बिक्री लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। एसी उद्योग ने 2022 में 82.5 लाख इकाइयों की रिकॉर्ड बिक्री हुई थी और इस साल बहुत जल्दी तापमान बढ़ने और ऐसे ही पूर्वानुमान के बाद एसी उद्योग में वृद्धि दोहरे अंक में होने की उम्मीद होने लगी थी।



पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण उसकी एसी बिक्री में मामूली गिरावट आई है। कंपनी के एसी ग्रुप के कारोबार प्रमुख गौरव शाह ने बताया, हालांकि, अभी बहुत गर्मी बाकी है और अगर असामान्य मौसम न हुआ तो उम्मीद है कि हम अपने लक्ष्य पा लेंगे। बेमौसम बारिश के प्रभाव के बारे में पूछने पर दाइकिन इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) केजे जावा ने कहा, बाजार धारणा पांच-छह दिन के लिए बदल सकती है। यह अस्थायी है। इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। बाजार में बहुत ज्यादा मांग आने वाली है। बाजार में इस साल लगभग 20 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि होगी।

हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष सतीश एन एस ने कहा कि तापमान में गिरावट ने उन्हें अपनी रणनीति तैयार करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि अगले कुछ सप्ताह में मौसम साफ हो जाएगा और एसी व फ्रिज की मांग बढ़ेगी। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) ने कहा कि दूसरे चरण में बिक्री में झटका लगा है लेकिन यह अस्थायी है। सिएमा के अध्यक्ष एरिक ब्रेगेंजा ने कहा, मई में बहुत तेज गर्मी होने वाली है। सभी रिपोर्ट यही संकेत दे रही हैं। वोल्टास ने कहा कि मार्च के तीसरे सप्ताह में देश के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है। जून तक चलने वाली और देश के कई हिस्सों में जुलाई तक चलने वाली इन उत्पादों की बिक्री का अनुमान लगाने के लिए यह बहुत जल्दबाजी होगी। टाटा समूह की फर्म ने कहा कि इन उत्पादों को पहले से ही रखना होगा, जिससे अचानक लू चलने के बाद इसे तुरंत बाजार में खपाया जा सके।

## सचिन अतुलकर छिंदवाड़ा के डीआईजी होंगे



**छिंदवाड़ा ।** सचिन अतुलकर होगें छिंदवाड़ा के डी.आई.जी वे इसके पहले ट्रेनी आई.पी.एस छिंदवाड़ा रहे हैं। शासन ने एस.पी.विनायक वर्मा यहां के एस.पी. बना दिया है वे पहले प्रभारी एस.पी. थे।

## मप्र के गौरव विक्की चौरसिया भारतीय चौरसिया आदर्श महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये



**छिंदवाड़ा ।** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर 864 मत डाले गये जिसे म.प्र. के गौरव विक्की चौरसिया को 122 वोट से विजय घोषित किये गये, उनके विरूद्ध पूर्व महासभा के अध्यक्ष रमेश लख्खू मुबई के प्रत्याशी थे। चुनाव रायपुर में सम्पन्न हुये।

## कर्मचारी नेता मुकेश खरे भाजपा में शामिल

**छिंदवाड़ा ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल जनसभा के भाजपा जिलाध्यक्ष ` पार्टी कार्यालय में पत्रकार साथियों से चर्चा की, श्री साहू ने भव्य सफल आयोजन के लिए समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार माना, साथ ही कहा कि गृहमंत्री की विशाल सभा के बाद कांग्रेस पर बौखलाहट सवार हो गई है, गृहमंत्री की सभा को मिले जनसमर्थन से कांग्रेस को दिख रहा है कि वह छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा सीटों पर हार रही है, कांग्रेस को अपनी झूठी घोषणा पर जनता को जवाब देना चाहिए, भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ छिंदवाड़ा की जनता को मिल रहा है, आयुष्मान कार्ड में छिंदवाड़ा नम्बर वन है।

## 27 मार्च को रसोइया कार्यकर्ताओं की हडताल, दीनदयाल पार्क से निकालेंगी रैली

छिंदवाड़ा। मध्यान्ह भोजन (रसोईया) एवं आजीविका मिशन के समूहों की महिलाएं सोमवार 27 मार्च को हडताल कर दीनदयाल पार्क में एकत्रित होकर शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर जीने लायक वेतन की मांग करेंगी। कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में होने वाली हडताल, रैली कार्यक्रम में जिले भर की हजारों रसोईया शामिल रहेंगी। कामगार कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष द्वारपाल मालवीय, सलीम खान, ब्रज कुमारी पंद्राम एवं राजेश भादे ने बताया कि 27 मार्च की हडताल की तैयारियां सभी ब्लाकों में की गईं जिनमें संगठन के ब्लाक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी रमन ब्रम्हे, विपिन उईके, महेंद्र कोरडे, देवेंद्र कोचे, नंदू सौराठ, बबलू डेहरिया, प्रमोद शर्मा, नीतू ठाकुर, नरसिंह साहू, शिवनारायण कोलारे, रामकृपाल कोलारे, फिरोज खान, रोमी यादव, जयपाल पवार, बाल किशोर बडकोरिया शामिल रहे और रसोईया कार्यकर्ताओं की बैठकें करके दीनदयाल पार्क छिंदवाड़ा पहुंचने की अपील की।

## कन्याओं को कन्या भोजन कराया



**परासिय ।** उड़ान संस्था की अध्यक्षा डॉ श्रीमती मधु बत्रा के नेतृत्व में लोनी कला,दरवई ग्राम की कन्याओं को कन्या भोजन कराया गया साथ में बालिकाओं को काफी,पेंसिल,चाकलेट आदि भी प्रदान की गई सभी बालिकाएं भोजन पाकर बहुत खुश हुई ग्राम के सरपंच श्री संतलाल कहार भी उपस्थित हुए। उड़ान संस्था की अध्यक्षा डॉ श्रीमती मधु बत्रा सहित के पी पांडे,जेठूलाल सोनी, डॉ अनिल सदाफल, श्रीमती सूरजकला बत्रा, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती माधुरी ठाकुर, श्रीमती विद्यावती वाजपेयी, श्रीमती चित्रा विश्वकर्मा, श्रीमती लीना जैन, श्रीमती राखी सहगल प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

## आशारामजी गुरूकुल में देश भर के कोने-कोने के विद्यार्थी यहाँ दाखिला लेने हेतु लालायित

**छिंदवाड़ा ।** उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त संत श्री आशारामजी गुरूकुल में इन दिनों प्रवेश की भीड़ देखी जा रही है। यहाँ देश के 24 राज्यों तथा विदेशों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रतिवर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने के कारण देश भर के कोने-कोने के विद्यार्थी यहाँ दाखिला लेने हेतु लालायित रहतें हैं। इस अवसर पर संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि इस गुरुकुल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर एवं अंतराष्ट्रीय स्तर तक खेलकूद एवं अन्य कई प्रतियोगिताओं में परचम लहराकर जिले को गौरान्वित किया है । आधुनिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा के समन्वय के कारण ही विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सफल जीवन जीने की कला, सफलता कैसे अर्जित करें, निरोगी ओर स्वस्थ कैसे रहें , मातृ भूमि और देश भक्ति के दैवीय गुण कैसे विकसित हों तथा परहित की भावना सुदृढ हो ; इन सब बातों पर भी ध्यान दिया जाता है । सन 1811 में इंग्लैंड में पहला स्कूल प्रांरभ हुआ था उस समय हमारे देश में 3 लाख से अधिक गुरूकुल हुआ करते थे। पूज्य बापूजी ने हमारी सनातन संस्कृति की गुरूकुल परम्परा को पुन: जीवित किया। और इसी वजह से वे षड्यंत्र का शिकार हुए । गत वर्ष खुशी कुकरेजा ने 12 ह्ल्द्ध में देश के टॉप 10 में स्थान बनाया था। गुरूकुल से शिक्षा ग्रहण किये वाले ऐसे अनगिनत विद्यार्थी आज देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। ऐसे कई उत्कृष्ट परिणाम देने के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान , राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके, म.प्र. शासन के प्रभारी मंत्री कमल पटेल के अलावा जिला कलेक्टर एवं अन्य कई उच्च अधिकारी गुरूकुल को सम्मानित कर चुकें हैं । जिसमे से राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके समय समय पर गुरूकुल पहुच कर गुरूकुल के सेवा कार्यो की सराहना करते रही है ।गुरूकुल में प्रवेश की भीड़ जरूर है पर गुरूकुल प्रशासन ने जिले के विद्यार्थियों के लिये सीट आरक्षित रखी है।

# युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करें सफलता अवश्य मिलेगी: कलेक्टर



**छिंदवाड़ा ।** नेहरू युवा केंद्र छिंदवाड़ा द्वारा रविवार को स्थानीय पी जी कॉलेज परिसर में माननीय प्रधानमंत्री जी के पंच प्रण मंत्र पर केंद्रित जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी कार्यक्रम के विशेष अतिथि पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर एवम नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी के के उर्मालिया उपस्थित थे ।इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सांस्कृतिक ,चित्रकला,भाषण मोबाइल फोटोग्राफी,कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया प्रतियोगिताओं में निर्णायक गणों में पेंटिंग प्रतियोगिता में पर्यावरण विद,विनोद तिवारी,गीतकार रोहित रूसिया,एवम चित्रकार राजकुमार चौहान,थे वही कविता प्रतियोगिता में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल,प्रोफेसर डाक्टर लक्ष्मी कांत चंदेला,आकाशवाणी के उद्घोषक अवधेश तिवारी ,वही सांस्कृतिक प्रतियोगिता के निर्णायक प्रोफेसर डॉ पी एन सनेसर, प्रोफेसर डॉ टीकमणि पटवारी ,जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन थे भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो के जिला अधिकारी राम सहाय प्रजापति,साहित्यकार के के मिश्रा,एवम फोटो ग्राफी प्रतियोगिता के निर्णायक धनंजय भंगारे ,प्रोफेसर डा सीमा सूर्यवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी के के उर्मालिया ने स्वागत उद्बोधन एवम कार्यक्रम की रूप रेखा बताई एवम समस्त अतिथियो का स्वागत किया।अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की युवा ही उत्सव है, संघर्ष ही उत्सव है, कामयाबी ही उत्सव है ।उन्होंने कहा युवाओं के लिए रोज उत्सव है हर किसी की जिंदगी में उत्साह होना चाहिए।युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करे सफलता अवश्य मिलेगी।युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्य में लगानी चाहिए।उन्होंने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी प्रतियोगिता के प्रथम दुतिया तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई दी।कार्यक्रम में लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित जनों का दिल जीता। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिवम मानकर,दुतिया चंद्रभान साहू,एवम तृतीय स्थान पर नेहा वर्मा इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ज्योत्सना कोमलकर ,दूसरे स्थान पर पंकज विश्वकर्मा,तीसरे स्थान पर मुस्कान यादव,कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जयकुमार,दूसरे स्थान पर तनुज खिड़कर तीसरे स्थान पर सोमती उइके,मोबाइल फोटो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ब्रजेश सरयाम,दूसरे स्थान पर नीरज उईके तीसरे स्थान पर आयुषी तांडेकर सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम पर जय भवानी युवा मंडल,दूसरे स्थान पर आरंभ धान्य जैन शास्त्रीय नृत्य ग्रुप तीसरे स्थान पर जय बजरंग युवा मंडल को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी के हस्ते पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केंद्र द्वारा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विशेष अतिथि प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर एवम समस्त निर्णायको के स्मृति चिन्ह भेट कर कलेक्टर महोदया ने सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन डाक्टर सीमा सूर्यवंशी एवम विनोद तिवारी ने किया।कार्यक्रम में समस्त निर्णायको ने भी सभी को मार्गदर्शन दिया।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किये जाने के विरोध में सेवादल द्वारा रैली निकालकर, धरना प्रदर्शन किया

**छिन्दवाड़ा ।** जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सांसद से सदस्यता समाप्त होने के विरोध में कांग्रेस सेवादल द्वारा सड़क पर उतरकर विरोध किया गया। कांग्रेस सेवादल द्वारा कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर फव्वारा चैक पहुंचकर गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। कपाले ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि मोदी सरकार आम आदमी से उनकी अभिव्यक्ति का अधिकार छीने का कृत्य कर रही है और लोतंत्र की हत्या की जा रही है। भाजपा की केन्द्र सरकार का यह एजेण्डा है कि विपक्ष के मुंह पर ताला लगाओ और जो सच बोलेगा उस पर ई.डी. की जांच बिठाओ पुलिस एफ.आई.कर मामले बनवाओ यह कृत्य देश की केन्द्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है जिसका पूरे देश भर में जमकर विरोध किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन को सौंपा ज्ञापन





**छिंदवाड़ा ।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिलाध्यक्ष विनोद डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक आवाहन पर आज 26 मार्च दिन रविवार को मध्य प्रदेश के समस्त विकास खंडों के साथ छिंदवाड़ा जिले के समस्त विकास खंडों मेंआज महामहिम राज्यपाल महोदय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव के नाम कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा गया। मध्यप्रदेश में 6~ 50 लाख शिक्षक अधिकारी कर्मचारियों के लिए न्यू पेंशन स्कीम शेयर मार्केट पर आधारित है इसमें निश्चित गारंटी की कोई संभावना नहीं है एनपीएस सेवानिवृत्त कर्मचारी को रिटायर होने पर 500, 850 ,एवं हजार रुपए पेंशन मिलती है जिसमें आज की महंगाई के दौर में जीवन औरपरिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। एन एम ओ पी एस संगठन ने मांग किया है कि मध्य प्रदेश के समस्त एनपीएस धारी शिक्षकों कर्मचारी अधिकारी को एनपीएस न्यू पेंशन योजना बंद कर मध्यप्रदेश में सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 को लागू करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए साथ ही मध्य प्रदेश मैं कार्यरत नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ पेंशन और ग्रेजुएटी मैं लाभ दिया जावे । आज के ज्ञापन सौंपने में जिला समन्वयक ताराचंद भलावी, जिला प्रभारी अरविंद भट्ट ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद मालवीय, कोषाध्यक्ष कमलेश चौराहा ,जिला उपाध्यक्ष रामाजी पाठे ,आईटी सेल प्रभारी सत्यभान पटेल एवं योगेश दुबे अमरवाड़ा, राजकुमार कावरेती, कमलेश डेहरिया, जगदीश वाई कर, प्रकाश वर्मा, नरेश वर्मा ,मनीष वर्मा, आजावराव वानखेडे, गुलाब अलोनकर, शोभाराम अहिरवार, संतोष डोंगरे, सरवन बिनझाड़े, एहसान अली आदि ने रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

## ऑडिटोरियम की बाट जोह रहे छिंदवाड़ा के रंगकर्मी

**छिंदवाड़ा ।** आज विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। छिंदवाड़ा का रंगकर्म अन्य जिलों की तुलना में काफी बेहतर रहा है एवं देश के बड़े शहरों में ख्याति प्राप्त कर रहा है। यह संस्थाएँ रंगकर्म के साथ ही समाज सेवा के कार्य मे भी अपना योगदान देते आ रही है। वर्ष 1961 में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट ने इस को विश्व रंगमंच के रूप में घोषित किया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगो में थियेटर को लेकर जागरूकता लाना मनोरंजन के साथ सामाजिक मुद्दों को समाज के बीच लाना है।

### भारत में रंगमंच का इतिहास

भारत मे रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है ऐसा समझ जाता है कि नाट्यकला का विकास सर्वप्रथम भारत मे ही हुआ। ऋग्वेद के कतिपय सूत्रों में यम और यमी, पुरुरवा और उर्वशी आदि के कुछ संवाद है। इन संवादों में लोग नाटक के चिन्ह पाते है।

### जिले में ऑडिटोरियम को उठती रही है मांग

किरदार संस्थान के अध्यक्ष पवन नेमा ने बताया कि छिंदवाड़ा के रंगकर्म के बहुत समृद्ध होने के बाद भी यहाँ पर अब तक ऑडिटोरियम नही बन पाया है। जिसके लिए रंगकर्मी जद्दोजहद करते है। किरदार सचिव ऋषभ स्थापक ने मांग की है कि छिंदवाड़ा के रंगकर्मी ऑडिटोरियम की बाट जोह रहें है। ऐसे में छिंदवाड़ा में एक सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण शीघ्र होना चाहिए। इससे जिले की प्रतिभाओं को अपने कल का प्रदर्शन करने के लिए एवं बड़े बड़े आयोजनों के लिए दूसरे शहरों की ओर रुख नही करना पड़ेगा। विदित हो कि शहर में रंगकर्म के दर्शको की संख्या हजारों में है।

### विश्व रंगमंच दिवस पर किरदार संस्थान करेगा नाट्य पाठ

किरदार संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन नेमा ने बताया किरदार संस्थान के सदस्य विश्व रंगमंच दिवस पर नाटक का पाठ करेंगे।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना: तामिया में बनाये गये 4 सेक्टरों के अधिकारी, सहायक सेक्टर की नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के क्रियान्वयन और योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनके आवेदन पत्र जमा कराकर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिये जिले के आदिवासी विकासखंड तामिया में 4 सेक्टर बनाकर सेक्टर अधिकारियों और सहायक सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे अपने सेक्टर में उन्हें सौंपे गये कार्य संपादित कराया जाना सुनिश्चित करें और इस संबंध में किये गये कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन जिला स्तरीय कंट्रोल रूम और नोडल अधिकारी को उपलब्ध करायें ।अपर कलेक्टर श्री ओ.पी.सनोडिया ने बताया कि जिले के आदिवासी विकासखंड तामिया के सेक्टर तामिया में सम्मिलित 13 ग्राम पंचायतों में सहायक प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना मनीष साहू को सेक्टर अधिकारी और सचिव सुधाकर लिंगायत को सहायक सेक्टर अधिकारी, सेक्टर देलाखारी में सम्मिलित 14 ग्राम पंचायतों में अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग तामिया जे.के.मर्सकोले को सेक्टर अधिकारी और उप यंत्री आर.के.श्रीवास को सहायक सेक्टर अधिकारी, सेक्टर झिरपा में सम्मिलित 13 ग्राम पंचायतों में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरपा श्री दिनेशचन्द्र व्दिवेदी को सेक्टर अधिकारी और प्रधान पाठक देलाखारी श्री एन.के.राय को सहायक सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर जैतपुर में सम्मिलित 16 ग्राम पंचायतों में बी.ई.ओ.तामिया श्री दिनेश शुक्ला को सेक्टर अधिकारी और श्री बलराम कवरेती को सहायक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

# अमित शाह के आने से भाजपा में उत्साह

## कार्यक्रम में दिखी गुटबाजी, पुराने नेताओं को किसी ने पूछा नहीं

**गोविन्द चौरसिया**

**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारीता व भाजपा के दमदार नेता अमित शाह की आम सभा जिले में असर छोड़ेगी, जिस तरह नरेन्द्र मोदी के प्रति आकर्षण बढते जा रहा है, वैसा ही प्रभाव अमित शाह का है, अमित शाह ने विधानसभा व लोकसभा चुनाव के पहले छिंदवाड़ा से महाविजय उद्‌घोष आम सभा में लोगों को संकल्प दिलाया कि वे 2023 व 2024 में भाजपा के प्रत्याशियों को जितायेंगे, उन्होने पिछले 40 वर्षो से स्थापित नेता कमलनाथ के बारे में कहा कि वे वायदे करते है और काम नहीं करते, उन्होने उनके द्वारा की गई घोषणा का उल्लेख भी किया।

अमित शाह ने कमलनाथ पर आरोप लगाया कि कन्हान सिंचाई काम्पलेक्स में उन्होने कमीशन के चक्कर में ठेकेदार को एडवान्स राशि दी और इसमें भ्रष्टाचार किया। यह बड़ी बात है कि केन्द्रीय मंत्री, कमलनाथ पर आरोप लगा रहे है, किन्तु जलसंसाधन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है, अभी तक कोई जांच कमेटी नहीं बनी है, इसके पहले केन्द्रीय मंत्री गिरिराजसिंह भी कह गये किन्तु इसका विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं हो रहा है।

कांग्रेस शासन छोड़, भाजपा शासन में भी अधिकारियों द्वारा अभी तक करोड़ों रूपये का एडवान्स सर्वे के नाम पर दिया जा रहा है

अमित शाह ने आदिवासियों के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया है, जिसका असर होगा, चूकि जिले में आदिवासी क्षेत्र में गौंडवाना गणतंत्र पार्टी के हजारों कार्यकर्ता है उनके नेता मनमोहन शाह बट्‌टी अब नही है, उनकी बेटी ने गौंडवाना की कमान सांभाली है, भाजपा को उसे साधना पड़ेगा क्योकि आदिवासी वोट ही निर्णायक वोट होते है। पिछली लोकसभा में अमरवाड़ा और जुन्नारदेव विधानसभा से ही कांग्रेस को लीड मिली थी जिससे नकुलनाथ विजय हुये थे।

अमित शाह आचंलकुण्ड गये और आदिवासी धर्म गुरूओं का उन्होने सम्मान किया, जिसका फायदा भविष्य में भाजपा को मिलेगा।

अमित शाह के आने से कांग्रेस के कान खड़े हो गये, वैसे भी कमलनाथ ने चुनाव की तैयारी प्रारम्भ कर दी है, वे लगातार दौरे कर रहे है, उनका नेटवर्क कारपोरेट स्टाईल का है, जो एक-एक बूथ तक कार्य कर रहा है, भाजपा के जैसे हवाहवाई नहीं की नेता आये तो शहरों में चिल्लाने लगे की हमारे पक्ष में माहौल है, जबकि फिल्ड में और कुछ होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की योजनाओं का असर सबसे ज्यादा महिलाओं में है, जो भाजपा के पक्ष में जायेगा। शिवराजसिंह चौहान और कमलनाथ मित्र है, किन्तु इन दिनों शिवराजसिंह ज्यादा ही आक्रामक है, वे जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उससे थोडी देर के लिए मतदाता तो खुश होता है, किन्तु उसका असर गलत हो रहा है, उससे भाजपा को नुकसान होगा क्योकि कमलनाथ के व्यक्तिगगत चाहने वालों की संख्या बहुत है, चौथी पीढ़ी के बच्चे भी कमलनाथ को जानते हैं।





शिवराजसिंह को कमलनाथ के प्रति भाषा का संयम रखना पड़ेगा, अन्यथा फायदे की जगह भाजपा को नुकसान होगा। भाजपा को नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह के कारण फायदा तो होगा और भाजपा का मत भी बढ़ेगा जो परिणाम बतायेगा।

### जनता ने कमलनाथ का विकास देखा: विश्वनाथ



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व कांग्रेस ने विगत 42 वर्षों में जिले के भीतर कराए गए विकास कार्यों को जिले की जनता ने स्वयं अपनी आंखों से देखा है और पत्रकार बंधुओं ने अपनी कलम से उन विकास कार्यों को लिखा है। जिले का विकास यदि किसी को दिखाई नहीं देता है तो वहां केवल भाजपा के तथाकथित नेताओं को दिखाई नहीं देता वह केवल आंखों पर झूठ की पट्टी बांधे भटकते रहते हैं।

### सिंचाई काम्पलेक्स में भ्रष्टाचार नेता भाषणा तो दे रहे कोई जांच नहीं हो रही है, एफआईआर कहां लिखी, बताये सरकार



शिवराजसिंह चौहान कमलनाथ के प्रति आक्रमक है और उनकी खुलकर बुराई कर रहे है, उनका कहना है कि कमलनाथ सिर्फ घोषणा करते है, उनको मौका मिला था तो उन्होने घोषणा और भ्रष्टचार के अलावा कुछ नहीं किया। शिवराजसिंह चौहान ने कमलनाथ को कपटनाथ एवं झूठा नाथ भी कहा। सिंचाई काम्पलेक्स के बारे में शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि उन्होने सिंचाई काम्पलेक्स में अभी तक 2150 करोड़ रूपये एडवान्स दिया है, जबकि जमीन पर कुछ हुआ नहीं है। उनके खिलाफ एफ.आई.आर भी हो गई है, अस्पताल बजट इसीलिए काटा क्योकि उसमें वे भ्रष्टाचार कर रहे थे। शिवराजसिंह चौहान सिंचाई काम्पलेक्स के बारे में कहते तो है किन्तु एफ.आई.आर कौन से थाने में लिखी है किसी को पता नहीं, कमलनाथ सरकार में 500 करोड़ एडवांस दिये थे और भाजपा शासन में 100 करोड़ रूपये सर्वे के नाम पर दिये गये है, ऐसा अधिकारियों का कहना है और सरकार चुप बैठी है, अभी तक कोई जांच समीति भी नहीं बनी है। इसी तरह माइक्रो एरिगेशन वन में 12 करोड़ के बाद 3 करोड़ और पाईप के नाम दिये किन्तु फील्ड पर कुछ नहीं है, नेता घोषणा कर रहे है, किन्तु कोई जांच नहीं हो रही है।

### फोटो में दिखी गुट बाजी चौधरी चन्द्रभान सिंह थे गायब



अमित शाह की जनसभा में भीड़ तो अच्छी थी जिले भर से लोग लाये गये थे, किन्तु जिले गुटबाजी खुले आम देखी गई, अखबारों में किसी पुराने नेता की फोटो नहीं छापी गई, पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह का फोटो गायब था, चौधरी चन्द्रभानसिंह जिले का चिरपरिचित चेहरा है, कोई भी नेता आ जाये भाजपा उनकी उपेक्षा कर कोई चुनाव जीता नहीं जा सकता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष योगेन्द्र राणा को मंच पर जगह नहीं मिली इस तरह खुली गुटबाजी दिखाई गई, जिसे जनता महसूस कर रही है।

## 10 हज़ार से अधिक युवामोर्चा कार्यकर्ता बाइक से पहुँचे अमित शाह का स्वागत करने



**छिंदवाड़ा ।** देश के गृहमंत्री मा.अमित शाह जी के छिन्दवाड़ा आगमन पर पूरी भाजपा व मोर्चा अपनी ताक़त से कार्यक्रम को भव्य व एतिहासिक बनाने में लगे थे वही भारतीय युवामोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मा. वी.डी शर्मा जी सांसद व प्रदेश भाजयूमो प्रभारी मा.कविता पाटीदार जी ने युवामोर्चा छिन्दवाड़ा ज़िला अध्यक्ष को पूरे ज़िले से बाइक रैली निकालने की ज़िम्मेदारी दी जिसे पूरा करते हुए युवामोर्चा छिन्दवाड़ा ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा के नेत्रत्व में ज़िले के हर मंडल व विधानसभा से लगभग 10 हज़ार मोटर साइकल व 20 हज़ार से अधिक युवामोर्चा कार्यकर्ता छिन्दवाड़ा आर.टी.ओ चौराहा रिंगरोड में एकत्रित हुए जहाँ भाजयूमो प्रदेश अध्यक्ष मा.वैभव पवार भी पहुँचे व खँजरी चौक तक पैदल व मोटर साइकल रैली निकालकर मा.अमित शाह जी के क़ाफ़िले में उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उक्त रैली व स्वागत कार्यक्रम में युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मा.वैभव पवार जी,उपाध्यक्ष गंगा पाण्डे जी,राम पटेल जी,विवेक चौहान जी,प्रदेश मंत्री हरीश यादव जी,अमय आपटे जी,दीपक बैरागी जी,प्रांसु राणे जी,जिला मीडिया प्रभारी सचिन चौरसिया, प्रदेश सोशल मीडिया विभाग कार्यक्रम प्रभारी शुभम चौरसिया जी,पंकज मुंगिया,गोपाल यदुवंशी,अनुज चौधरी,अंकुश मेहरा,कुबेर सूर्यवंशी,अतुल सराठे,रिंकु साहू,विजय ठाकरे,लक्षमन बाथव व अन्य प्रमुख पदाधिकारी व हज़ारों भाजयूमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 108 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ 1 अप्रैल से

### तीन अप्रैल को आएंगे डॉ चिन्मय पंड्या



**छिंदवाड़ा ।** राष्ट्रीय एकता राष्ट्रीय एकता पर्यावरण संरक्षण प्राणी मात्र के कल्याण एवं विश्व शांति को समर्पित होने वाले महान आध्यात्मिक प्रयोगों में से एक विराट पांच दिवसीय 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म शिक्षण संरक्षण में गायत्री शक्तिपीठ छिंदवाड़ा में विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा लोकार्पण का आयोजन होने जा रहा है । जिसमें लगभग एक लाख श्रद्धालू परिजनों की प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष भागीदारी के इस महाकुंभ आयोजन को भव्य रुप से संपन्न कराने पिछले 1वर्ष से व्यापक तैयारियां एवं प्रचार-पसार विभिन्न माध्यमों से एवं जन सहयोग से किया जा रहा है। इस यज्ञ का लाभ उठाने जाति ,धर्म, लिंग का कोई बंधन न हो ने से उत्साहपूर्ण संपूर्ण छिंदवाड़ा तैयार है । गायत्री परिवार के जिला मीडिया प्रभारी अरूण पराड़कर द्वारा बताया की गायत्री परिवार के इस पांच दिवसीय कार्यक्रमों में लक्षित प्रथम दिवस एक अप्रैल को पोला ग्राउंड से शोभायात्रा,दो अप्रैल को सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग, गोष्ठी एवम गायत्री महायज्ञ ,तीन अप्रैल को विभिन्न संस्कार और आदरणीय चिन्मय पंड्या जी का आगमन,चार अप्रैल को विराट नव चेतना जागरण एव दीप महायज्ञ,पांच अप्रैल को गायत्री महायज्ञ,2400 परिजनों का दीक्षा संस्कार, और पूर्णाहुति ,इस विराट महायज्ञ में जाति, धर्म, और लिंग से हटकर जिले के परिजनों ने एक टुएक मुट्ठी चावल/गेहूं और आर्थिक अंशदान कर सभी लोगो ने भागीदारी की है। गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के तहत अभी तक दो लाख इक्यावन हजार (251000) घरों में पांच हजार एक सौ साधकों द्वारा संपन्न यज्ञ की पूर्णाहुति। के साथ ऊर्जा संपन्न, सूक्ष्म चेतना,सम्पूर्ण राष्ट्र को संगठित कर उसका नव निर्माण करने, विश्व शांति तथा मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण का स्वप्न साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस हेतु गायत्री शक्तिपीठ छिंदवाड़ा में विराट विराट 108 कुंडो की भव्य यज्ञशाला की स्थापना की गई है। पोला ग्राउंड से 2400 कलश एवं 2400 सदग्रंथों की शोभायात्रा सहित यज्ञ आहुति समर्पित करने का पुण्य शुभ अवसर, षोडश संस्कार के विभिन्न संस्कारों के लिए संस्कारशाला एवं 2400 और बहनों का पुंसवन संस्कार, 2400 अन्य नये परिजनों का दीक्षा संस्कार , 5100 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार , 5000 बहनों की नारी जागरण कार्यशाला, विराट एवं भव्य दीप यज्ञ 11,000 दीपकों द्वारा भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूपों को दर्शाने वाला कला मंच, रक्तदान शिविर, जागरूकता शिविर , शारीरिक जांच शिविर, व्यशन मुक्ति काउंटर, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा , विराट पुस्तक मेला, जीवन के हर विषय का सत साहित्य, पुस्तकों का भंडार की विशाल प्रदर्शनी, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के जीवन चरित्र, वैज्ञानिक,अध्यात्मवाद, गायत्री एवं यज्ञ के तथ्यों पर आधारित सभी अभियान की प्रदर्शनी आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, करंज और बादाम के पौधे लगाए।






# ग्रामीण क्षेत्र की 10 करोड़ कमजोर महिलाओं को लखपति बनाएगी सरकार

## दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय की बैठक में मालू शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कृषि भवन के उन्नति हॉल में ग्रामीण विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका संवर्द्धन की बैठक में केबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह जी और राज्य मंत्री निरंजन ज्योति जी के साथ पी एस व सांसद अन्य अधिकारियों के साथ मंत्रालय की कमेटी के सदस्य श्री गोविन्द मालू ने ग्रामीण महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मीटिंग में राज्यों के ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के अधिकारी वर्चुअल जुड़े बैठक साढ़े तीन घण्टे चली।योजनाओं की समीक्षा की।मंत्रीजी नें कार्यान्वयन और जन भागीदारी ज्यादा करने पर जोर दिया ताकि विभाग का लक्ष्य पूरा हो सके। मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कहा सरकार 10 करोड़ महिलाओं को समूह रोजगार के माध्यम से स्वावलंबी बनाकर उनकी आय 1 लाख साल करेंगे । अभी 65 लाख के लक्ष्य में से 59 लाख महिलाओं को लखपति बना दिया। मंत्रीजी ने नाबार्ड और बैंकों को निर्देशित किया कि महिलाओं को रोजगार के लिए जल्द ऋण उपलब्ध कराएं। अजा- जजा क्षेत्र की महिलाओं को प्राथमिकता से स्व रोजगार के लिए सुविधाओं के लिए सरकार ने योजना बनाई है।

### रक्षा मंत्री से मिले गोविन्द मालू

आज दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथसिंह से खनिज निगम के पूर्व उपाध्यक्ष गोविन्द मालू ने भैंट कर प्रदेश के विकास और सरकार की सफल नीतियों और क्रियान्वयन कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव से कार्य करने के बारे में विस्तृत चर्चा की।संगठन के मुद्दों पर भी उन्होंने जानकारी ली।

## जब खुद पर लिखी किताब पढ़ी, तब जाना कि मुझे कितना पहचाना गया: राज बब्बर

**आगरा।** फ़िल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राज बब्बर ने अपने पर लिखी किताब के विमोचन समारोह में कहा कि जब मैंने खुद पर लिखी किताब पढ़ी, तब जाना कि लोगों ने मुझे कितना पहचाना है। मैंने जीवन में काम बड़े नहीं किए हों, लेकिन बड़ी उम्मीद और बड़े सोच के साथ पूरी ईमानदारी से अपने कर्त्तव्य को पूरा किया है।



अभिनेता और राजनेता राज बब्बर ने होटल तानसेन रेजीडेंसी के सभागार में पुस्तक 'राज बब्बर - दिल में उतरता फसाना' के लोकार्पण व विमर्श समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद विवेक शेजवलकर ने कहा कि प्रतिभा और संघर्ष का अदभुत संगम है राज बब्बर। विषय प्रवर्तन करते हुए संयोजक व ग्रामीण पत्रकारिता विकास संस्थान के अध्यक्ष देव श्रीमाली ने कहा कि बआज हम उस शख्सियत के साथ हैं जो अपने कठिन परिश्रम से उस शिखर तक पहुँचा है जो कई आंखों का सपना होता है।' कथाकार और वरिष्ठ पत्रकार व इस किताब के संपादक हरीश पाठक ने कहा कि 'राज बब्बर हर दौर में मेरी पहली पसंद रहे हैं। कारण साफ यह कि वे फिल्म हो या राजनीति हर जगह मध्यवर्ग का प्रतिनिधि चेहरा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार समीर चतुर्वेदी, राकेश त्यागी और डॉ राकेश पाठक ने पुस्तक के बारे में अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन शायर अतुल अजनबी व आभार प्रदर्शन मनोज जैन ने किया। खचाखच भरे सभागार में शहर के साहित्यकार,पत्रकार,रंगकर्मी, वरिष्ठ संपादक, चिकित्सक, आचार्य व समाजसेवी मौजूद थे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बच्चों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के बंगले पर धरने पर बैठे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सोमवार को अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी के बंगले पर धरने पर बैठ गए। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बच्चों को लेकर एएनएम भोपाल पहुंची है। इस दौरान मंत्री बंगले पर नहीं हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी संविलियन की मांग और ग्रुप-पांच के तहत होने वाली एएनएम भर्तियों में उपेक्षा का आरोप लगाया।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि नवरात्री के पर्व पर हमारी बहनों को भोपाल आना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्री ने हमारी हड़ताल के दौरान आश्वासन दिया था कि बहनों का समायोजन करेंगे, लेकिन 10 से 15 साल से एएनएम के पद पर काम कर रही बहनों तीन महीने बाद भी कोई समायोजन नहीं हुआ। उलटा सरकार द्वारा 2600 पदों की भर्ती निकाल दी गई है। जिसमें 20 प्रतिशत का कोटा लागू किया गया है। लेकिन नियम ऐसे डाल दिए गए है कि लंबे समय से संविदा पर काम कर रही बहने अपात्र हो गए है।

भदौरिया ने कहा कि पहले डिप्लोमा 18 महीने का होता था, लेकिन अब दो साल का माना जा रहा है।



12वीं कक्षा बायोलॉजी से मांगी गई है। भर्ती में सरकारी कॉलेज का डिप्लोमा मांगा जा रहा है। इससे निजी कॉलेज से डिप्लोमा करने वाली बहने भर्ती में भाग नहीं ले पाएगी। इस तरह नियम बदलने से हमारे संविधा कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है। हमारा मंत्री से आग्रह है कि हम संविधा कर्मचारियों का समायोजन किया जाए। एनएचएम में 7 हजार एएनएम है। स्वास्थ्य विभाग में आम जनता तक सरकारी सेवाओं का पहुंचाने का काम एएनएम करती है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस की रैक भोपाल पहुंची

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की रैक भोपाल पहुंच गई है। संभवतः 1 अप्रैल से यह ट्रेन अपने ट्रैक पर चलेगी। देश की 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस के रेक चेन्नई से आज रात 8 बजे भोपाल पहुंची।



प्रधानमंत्री की योजना के तहत देश में 2019 से शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल से दिल्ली भी चलेगी. इस ट्रेन से भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली तक का सफर 7 घंटे 50 मिनट में पूरा होगा. वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए रैक चेन्नई से चले थे जो आज रात 8 बजे भोपाल पहुंच गए हैं और अब संभवतः 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से इसे हरी झंडी दिखाकर अपने रूट पर रवाना करेंगे. मोदी भोपाल प्रवास पर 1 अप्रैल को आ रहे हैं जिसमें वे सेना के तीनों अंगों की बैठक में शामिल होंगे और इस अवसर पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना कर सकते हैं।

# जून में सात दिन फल, दूध, सब्जी की सप्लाई बंद करेंगे




**भोपाल ।** किसानों की 33 मांगों को लेकर किसान मजदूर महासंघ ने सोमवार को प्रदेश में बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय समन्वयक, संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनैतिक) की कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शिव कुमार शर्मा 'कक्का जी' ने ऐलान किया है कि मांगे नहीं माने जाने पर 1 जून से 7 जून तक प्रदेश में आंदोलन होगा। पूरे प्रदेश में फल, दूध, सब्जी की सप्लाई बंद करेंगे।

महासंघ की मांग है कि प्रदेश में हाल ही में हुई अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे तत्काल करा कर प्रथम दृष्टया के आधार पर राहत राशि की पहली किश्त किसानों के खाते में डाली जाए। ओलावृष्टि को प्राथमिकता पर सर्वे में लिया जा रहा है परंतु अतिवृष्टि से भी किसानों की फसलों का व्यापक नुकसान हुआ है जिसका सर्वे तत्काल शुरू कराया जाए। अतिवृष्टि ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों के खातों में अविलंब फसल बीमा की राशि हस्तांतरित की जाए। पूर्व से लंबित राहत राशि एवं फसल बीमा की राशि अविलंब किसानों के खातों में डाली जाए। ओला गिरते समय पट्टी पकड़ कर चलता है इसलिए संपूर्ण हल्के में खेतों का नुकसान समांतर नहीं होता। इस हेतु राहत राशि वितरण और फसल बीमा वितरण में हल्का पटवारी की जगह खेत को ही इकाई माना जाए। मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान पर 32000 रूपया हेक्टेयर के हिसाब से राहत राशि दी जाएगी। कृपया सरकार अपना आशय स्पष्ट करे कि 50 प्रतिशत से कम नुकसान होने पर कितनी राहत राशि दी जाएगी। पीड़ित सभी किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। समस्त कृषकों को दो लाख रुपए तक के ऋण से मुक्त किया जाए। कृषि यंत्रों उपकरणों तथा खाद कीटनाशकों को जीएसटी से मुक्त रखा जाए।

# सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने की राजनीति में एंट्री, भाजपा ने दी बड़ी जिम्मेदारी





**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को दिल्ली बीजेपी ने विधि प्रकोष्ठ का सह संयोजक नियुक्त किया है। बता दें बांसुरी स्वराज सुषमा स्वराज की इकलौती बेटी हैं. उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन पूरा किया है. इसके बाद उन्होंने इनर टेम्पल से ला की डिग्री हासिल की है. वो अपने पिता स्वराज कौशल की तरह क्रिमिनल लॉयर हैं। बांसुरी पहली बार तब सुर्खियों में आए थी. जब ये खुलासा हुआ था कि वो ललित मोदी की लीगल टीम का हिस्सा थी. जिसके बाद बांसुरी विवादों में आ गई थी. जिस पर दिवंगत नेता सुषमा स्वराज ने अपनी बेटी के बचाव में कहा था कि वो अपने प्रोफेशन और वह अपने काम के लिए आजाद हैं।

इसलिए बेटी का नाम रखा था बांसुरीः सुषमा स्वराज भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त थी. उनकी इच्छा थी कि वो कृष्ण की तरह अपने जीवन कई किरदारों को निभाएं. उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी काफी पसंद थी. इसलिए उन्होंने अपनी बेटी का नाम 'बांसुरी' रख था।

### दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री थी सुषमा

भारतीय जनता पार्टी की दिग्गज नेता सुषमा ने हरियाणा से पॉलिटिक्स करियर की शुरुआत की थी. वो पहली भी 1977 में हरियाणा से विधायक बनी. 25 साल की उम्र में सरकार में में वे राज्य की श्रम मंत्री बनीं. इसके बाद सुषमा स्वराज दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं. वहीं 1996 में वो दिल्ली से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचीं थी और वाजपेयी सरकार में 13 दिनों की सूचना प्रसारण मंत्री रही. उन्होंने 1975 में स्वराज कौशल से लव मैरिज किया था.स्वराज से उनकी मुलाकात पंजाब यूनिवर्सिटी में हुई थी. हालांकि उनका परिवार इस शादी के लिए राजी नहीं था. साल 2019 में पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का 67 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

## मुख्यमंत्री ने वूमेन्स वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वूमेन्स वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 75 किलोग्राम वर्ग में भारतीय बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन और 50 किलोग्राम वर्ग में निकहत जरीन द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निकहत और लवलीना ने अपने अद्वितीय एवं अद्भुत प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीकर देश का मान बढ़ाया है। श्री चौहान ने सोशल मीडिया पर दिए संदेश में कहा कि बेटियों को आगे बढ़ते और देश-दुनिया में नाम कमाते देखकर मेरा हृदय आनंद से भर जाता है।



वार्ड क्रमांक 31 में डामरीकरण कार शिवनगर में भूमि पूजन किया गया क्षेत्रीय पार्षद बिजला सचान एवं पार्षद आरती अनेजा, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज जाट के अलावा स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

# मप्र में 29-30 मार्च से फिर बदलेगा मौसम, ग्वालियर-चंबल में हो सकती है बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन गर्मी वाले रहेंगे। ज्यादातर शहरों में दिन-रात के पारे में 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। वहीं, 29-30 मार्च से मौसम बदलेगा। ग्वालियर-चंबल समेत रीवा, जबलपुर, उज्जैन संभाग के कुछ शहरों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक वेदर डिस्टर्बेंस रहेगा। इससे पहले रविवार को सतना, अनूपपुर और पन्ना में ओले गिरे।

24 से 26 मार्च के बीच प्रदेश के कई शहरों में हल्की बारिश हुई। वहीं, रविवार को मौसम में हल्का सा बदला देखने को मिला। सतना, अनूपपुर और पन्ना में ओले भी गिरे। इससे पहले प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम बदलने का अनुमान था। ओलावृष्टि के अलावा तेज आंधी चलने की संभावना भी थी, लेकिन वेद डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोप) की एक्टिविटी कमजोर होने की वजह से ओलावृष्टि और तेज आंधी का असर नहीं रहा। इससे ज्यादातर हिस्सों में किसानों ने राहत की सांस ली।

पिछले दो सिस्टम में आधे प्रदेश में हुई ओलावृष्टि और आंधी ने लाखों हेक्टेयर फसलें बर्बाद कर दी थी। मार्च में आए दो सिस्टम की वजह से किसानों की गेहूं, चना, सरसों, मसूर और धनिया की फसल बर्बाद हो गई। तीसरे सिस्टम को भी स्ट्रॉन्ग बताया जा रहा था, लेकिन इसकी एक्टिविटी कुछ ही जिलों में देखने को मिली।



### तीसरे सिस्टम में इन जगहों पर बारिश

ग्वालियर, छतरपुर, मंडला, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, सीधी, सतना, दमोह में हल्की बारिश हुई। वहीं, पन्ना, सतना और अनूपपुर में ओले गिरे। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 1 अप्रैल से नया सिस्टम बन रहा, लेकिन कितना स्ट्रॉन्ग होगा, यह आने वाले कुछ दिन में पता चल सकेगा। हालांकि, इससे पहले मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी भी होगी।

### भोपाल में तेज गर्मी

भोपाल में रविवार को धूप निकली। इससे दिन में पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन 27, 28 और 29 मार्च को तेज गर्मी का असर होने की बात कही है। इससे दिन का तापमान 36 डिग्री तक पहुंच सकता है। फिलहाल तापमान 35 डिग्री के आसपास चल रहा है। रात का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच सकता है। 30 मार्च को हल्के बादल छाए रहेंगे। इधर, रविवार को कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली।